नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

RNI No. CHHHIN/2009/35020

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 143 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, बुधवार 29 मार्च 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -4 पर

हिंदू मुस्लिम में हुए विवाद को लेकर जिले के सभी दुकानें ...



दीपक सिदार बनाये गये रायगढ़ जिलाअध्यक्ष

पेज -7 पर


## 12 शहरो में होंगे क्रिकेट विश्व कप 2023 के मुकाबले

प्रदेश के स्टेडियम भी खेला जाएगा विश्व कप का मैच

**नई दिल्ली/रायपुर।** आईसीसी द्वारा आयोजित इस साल के वनडे विश्व कप की मेजबानी भारत को मिली है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् के निर्देश पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई ने वर्ल्ड के दौरान खेले जाने वाले मुकाबलों के वेन्यू के लिए शहरों की लिस्ट तैयार कर ली है।

जानकारी के मुताबिक विश्व कप 2023 का फाइनल मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा।

भारत में इस साल आयोजित होने वाले आईसीसी विश्व कप का आगाज 5 अक्टूबर से हो सकता है और 19 नवंबर को फाइनल के साथ इसका समापन होगा। बीसीसीआई ने इस 10 टीमों के मेगा आईसीसी इवेंट के लिए लगभग एक दर्जन आयोजन स्थल को चुना है और फाइनल मुकाबले के लिए दुनिया से सबसे बड़े स्टेडियम जो अहमदाबाद में है



उसे फाइनल किया गया है। जिन शहरों को शामिल किया गया हैं उनमे बैंगलोर, चेन्नई, दिल्ली, धर्मशाला, गुवाहाटी, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ, इंदौर, राजकोट और मुंबई है। इस टूर्नामेंट में कुल 48 मुकाबले खेले जाने हैं जिसमें 3 नॉक आउट मुकाबले होंगे। विश्व कप का आयोजन कुल 46 दिनों तक होना है। वही इस बार के विश्वकप में प्रदेश के राजधानी स्थित शहीद वीरनारायण स्टेडियम को भी एक-दो मुकाबलों की मेजबानी मिलने की उम्मीद थी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। लिस्ट में नाम नहीं होने से रायपुर समेत प्रदेश के क्रिकेट फैंस में निराशा हैं। बता दें की बैठक क्षमता के लिहाज से रायपुर का क्रिकेट स्टेडियम दुनिया का चौथा और भारत का तीसरा सबसे बड़ा वाला स्टेडियम हैं। एसवीएन स्टेडियम की सीटिंग स्ट्रेंथ 65 हजार हैं। इससे ज्यादा बैठक क्षमता वाले स्डेडियम में अहमदाबाद का क्रिकेट स्टेडियम (1 लाख -1.30 लाख) हैं।

## कार -ऑटो की टक्कर 12 घायल



**कोरबा।** पर्यटन स्थल सतरेंगा में भीषण हादसा हुआ है. कार और ऑटो के बीच टक्कर में 12 लोगों को चोट आई है. दो लोग गंभीर रुप से घायल हैं. बालको थाना क्षेत्र के सतरेंगा मार्ग में अजगरबहार के पास हरदीमाड़ा गांव है. यहां दो वाहनों की टक्कर में 12 लोग घायल हुए हैं. तेज रफ्तार कार और ऑटो की आमने सामने की भिड़ंत से यह हादसा हुआ. कार चालक सीएसईबी के कर्मचारी अमित कुमार और अनिरुद्ध को भी चोटें आई हैं. ऑटो और कार में टक्कर के बाद इसकी सूचना डायल 112 की टीम को दी गई. डायल 112 के जरिए एंबुलेंस को भी मौके पर बुलाया गया।

## समाचार शीर्ष

### छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा पहुंचे राजधानी रायपुर



### 29 मार्च को राजभवन में लेंगे शपथ

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के नवनियुक्त माननीय मुख्य न्यायाधीश श्री रमेश सिन्हा आज राजधानी रायपुर के विमानतल माना पहुंचे। विमानतल पर बिलासपुर हाईकोर्ट के माननीय न्यायाधीश श्री संजय के अग्रवाल ,श्री पी सेम कोसी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने उनकी अगवानी की। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री संतोष शर्मा, कलेक्टर श्री सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत कुमार अग्रवाल, जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायाधीशगण एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। मुख्य न्यायाधीश श्री रमेश सिन्हा 29 मार्च को राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित समारोह में शपथ ग्रहण करेंगे।

### उमेश पाल अपहरण कांड में अतीक सहित तीन को उम्रकैद



**प्रयागराज।** 17 साल पुराने उमेश पाल अपहरण केस में आज प्रयागराज की एमपी-एमएलए कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया। कोर्ट ने अतीक अहमद समेत 3 आरोपियों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अपहरण के इस मामले में अतीक के अलावा हनीफ, दिनेश पासी को भी दोषी पाया है । वहीं अतीक के भाई अशरफ सहित 7 को बरी कर दिया गया। एसपी की सरकार होने के कारण उमेश पाल चुप रहा लेकिन जैसे ही बसपा की सरकार आई अतिक पर कार्रवाई शुरू हो गई।

# नगर पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित

## बीजेपी में खुशी की लहर कांग्रेस मौन

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

मंगलवार को धरमजयगढ़ के नगर सरकार के साथ-साथ विपक्ष व आमजन के लिए उस समय एक अकल्पनीय घटनाक्रम सामने आया, जब स्थानीय बीजेपी पार्षदों द्वारा धरमजयगढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष तरुणा श्याम साहू के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव पारित हो गया।



जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

इस प्रस्ताव के मामले में 28 मार्च को दूसरी बार किए गए सम्मिलन में मतदान कराया गया और जिसमें प्रस्ताव के पक्ष में 11 मत और विपक्ष में 4 वोट पड़े और अविश्वास प्रस्ताव पारित हो गया। हालांकि, प्रथम सम्मेलन स्थगित हो जाने के बाद से यह माना जाने लगा था कि स्थानीय कांग्रेस विधायक के रहते बीजेपी अपने मकसद में कामयाब नहीं हो सकती। वहीं इस बीच कांग्रेस नाराज पार्षदों कों मनाने में भी जुटी रही, लेकिन अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 11 वोट मिलने से प्रस्ताव पारित हो गया। आप को बता दें कि 15 वार्डों वाले धरमजयगढ़ नगर पंचायत क्षेत्र में बीजेपी के 8 कांग्रेस के 6 और 1 निर्दलीय पार्षद हैं। मंगलवार को धरमजयगढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को लेकर तमाम अटकलें उस वक्त थम गईं, जब सम्मिलन में प्रस्ताव पारित होने की अप्रत्याशित व हैरान कर देने वाली खबर सामने आई। जिसके बाद कुछ ही देर में इसकी आधिकारिक पुष्टि हुई कि अध्यक्ष के खिलाफप्रस्ताव पारित हो गया है। बता दें कि बीजेपी व अन्य कुछ पार्षदों द्वारा अध्यक्ष तरुण श्याम साहू के खिलाफ दूसरी बार अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। यह भी कि इस प्रस्ताव पर आहूत किया गया पिछला सम्मेलन भी पीठासीन अधिकारी के अस्वस्थ होने के कारण स्थगित हो गया था। जिसके बाद 28 मार्च को अगली तिथि निर्धारित की गई थी। इस मामले में यह बात भी सामने आई कि पिछले सम्मेलन से लेकर अगले सम्मेलन तक तरुण श्याम साहू की तबीयत भी खराब रही। अविश्वास प्रस्ताव के मामले पर कांग्रेस के प्रदेश स्तर के निर्देश पर बाकायदा पर्यवेक्षक भी धरमजयगढ़ आए, नाराज पार्षदों से बातचीत हुई, मानमनौव्वल का दौर चला। लेकिन अंतत: बात नहीं बनी जिसके परिणाम स्वरूप प्रस्ताव पारित हो गया।

### बीजेपी खुद हैरान

इस पूरे मामले में प्रथम सम्मेलन को लेकर जिस तरह के घटना म सामने आए, उसके बाद बीजेपी के पार्षदों को भी यह अंदाजा नहीं था कि उन्हें इतनी स्पष्ट बहुमत मिलेगी। खासकर प्रथम सम्मेलन के स्थगित हो जाने के कारण अपने विपक्ष को मिलने वाले समय व इस बीच की घटना मों को देखते हुए बीजेपी ने जीत की आशा लगभग खो दी थी।

### रहा गहमागहमी का माहौल


नगर पंचायत धरमजयगढ़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित हो गया। आज हुए सम्मिलन में अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 11 मत एवं विपक्ष में 4 मत मिले। जिससे अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पास हो गया। भारतीय जनता पार्टी सहित एक निर्दलीय एवं दो कांग्रेसी पार्षदों ने हस्ताक्षर कर अविश्वास प्रस्ताव के लिए कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा था। जिसपर 13 मार्च को सम्मिलन रखी गई थी। लेकिन पीठासीन अधिकारी के अवकाश पर चले जाने के कारण सम्मिलन स्थगित हो गया था। जिसके बाद कलेक्टर रायगढ़ ने पुन: 28 मार्च को सम्मिलन का तिथि निर्धारित किया था। आज सुबह से ही नगर पंचायत में गहमा



गहमी शुरू हो गई थी। नगर पंचायत के सभाकक्ष में 11 बजे से सम्मिलन की शुरुआत हुई। जिसके बाद 12 बजे से मतदान शुरू हुआ। 1 बजे से मतगणना के बाद परिणाम की घोषणा की गई। नगर पंचायत धरमजयगढ़ में 15 निर्वाचित पार्षद हैं। सम्मिलन में सभी पार्षदगण उपस्थित रहे। पिछले बार अध्यक्ष की कुर्सी पिछड़ा वर्ग महिला वर्ग के लिए आरक्षित थी, वहीं बहुमत के बाद भी भाजपा के पास पिछड़ा वर्ग महिला नहीं होने के कारण एक मात्र पिछड़ा वर्ग से महिला पार्षद तरुणा श्याम साहू निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुईं थी।

# छत्तीसगढ़ में फिर ईडी का छापा- कई बिजनेसमैन के यहां तलाशी दुर्ग-भिलाई, बिलासपुर और रायगढ़ में कार्रवाई

**रायपुर/महासमुंद।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को अवैध कोयला लेवी मामले में चल रही मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत छत्तीसगढ़ के कई शहरों में छापेमारी की है। ईडी ने आज सुबह छत्तीसगढ़ के बड़े उद्योग समूह के मालिक कमल सारडा, महासमुंद विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के ठिकानों पर छापा मारा है। इसके अलावा दुर्ग-भिलाई, बिलासपुर और रायगढ़ में भी छापे की खबर है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, ईडी ने रायपुर में कई स्थानों पर दबिश दी है। रायपुर के सिविल लाइंस थाना के तहत गोरे परिसर स्थित प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल के कार्यालय और उद्योगपति कमल शारडा के शंकर नगर स्थित आवास पर तलाशी लगी गई। जांच पड़ताल



चल रही हैं। दोनों जगहों पर सीआरपीएफ के जवान मौजूद हैं। वहीं एक आईपीएस और कोल से जुड़े कारोबारी अनूप बंसल, योगेश सिंघल के यह भी ईडी के छापे की चर्चा है।

### मंदिर हसौद के पास ग्राम बहनाकाड़ी में दबिश

मंदिर हसौद के पास ग्राम बहनाकाड़ी के जमीन दलाल सुरेश बांदे और वीआईपी करिश्मा अपार्टमेंट में एक सीए के यहां भी ईडी ने दबिश दी है। इस छापे को कोल कारोबार में हुई अवैध उगाही से जोड़कर देखा जा रहा है। एक और जहां कांग्रेस छत्तीसगढ़ अपने नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द होने पर विरोध प्रदर्शन कर रही हैं। पूरे देशभर में मामला गर्म है। वहीं मौजूदा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के चार दिन पहले पड़े इस छापे से सभी भौचक हैं।

### आवास के बाहर सीआरपीएफ के जवान थे तैनात

हालांकि एजेंसियों ने भी अभी इस बात की पुष्टि नहीं की है, लेकिन इनके आवास के बाहर सीआरपीएफ के जवान तैनात हैं। ईडी ने बीते सात महीनों में पहली बार किसी उद्योगपति को जांच के दायरे में लिया है।

### कोई वर्ग नहीं बचा जहां ईडी का छापा नहीं पड़ा-भूपेश बघेल

*छत्तीसगढ़ में लगातार हो रही ईडी की रेड को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का बड़ा बयान सामने आया है। ईडी की रेड के लिए सीएम ने बीजेपी नेताओं को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि कोई ऐसा वर्ग नहीं बचा जहां छापा नहीं डाला गया हो। सीएम बोले अगर*






*कहीं ईडी की कार्रवाई नहीं होती तो केवल बीजेपी शासित राज्य हैं मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात और कर्नाटक। यहां ऐसा लगता है कि ईडी का दफ्तर ही नहीं है। महाराष्ट्र में जब तक उद्धव सरकार थी तब तक ईडी और CBI जैसी सेंट्रल एजेंसियां सक्रिय थी और जैसे ही सरकार बदली खरीद-फरोख्त हुआ, उसके बाद से ईडी का वहां कोई काम नहीं रह गया। सीएम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश के नेता और राष्ट्रीय नेताओं के इशारे पर ये सब किया जा रहा है। ईडी निष्पक्ष होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंडनबर्ग के आधार पर अडानी जिनकी संपत्ति में 60प्रतिशत की कमी आई है, आखिर वहां जाकर ईडी क्यों छापे नहीं मारती।*

महिला गिरफ्तार

## खुद को रायपुर नगर निगम का कर्मचारी बताकर लोगों से कर रही थी ठगी

**रायपुर।** शासकीय आवास दिलाने का झांसा देकर लाखों रूपये ठगी करने वाली सोनाली दत्ता को गिरफ्तार किया गया है. जानकारी के मुताबिक प्रार्थिया ललिता मानिकपुरी ने पुलिस चौकी रामनगर थाना गुढ़ियारी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह गोपाल नगर गली नं. 1 झोपड पट्टी रामनगर में रहती है। प्रार्थिया का विगत 10 माह पूर्व श्रीमती सोनाली दत्ता नामक महिला से संपर्क हुआ, जो स्वयं को नगर निगम में कार्यरत कर्मचारी होना बताने के साथ ही अपना सम्पर्क बड़े अधिकारियों से होना बताते हुए प्रार्थिया एवं मोहल्ले की लगभग 30 से 35 लोगों से शासकीय योजना के अंतर्गत बने मकान दिलाने का झांसा देकर प्रत्येक परिवार से 20,000/- रूपये (बीस हजार रूपये) नगद लेते हुए सोनाली दत्ता द्वारा प्रार्थिया एवं मोहल्ले के अन्य लोगों से कुल 6,00,000 (छः लाख रूपये) लेकर मकान 90 दिनों के भीतर दिलाने का आश्वासन दिया



गया। प्रार्थिया एवं अन्य लोगों द्वारा सोनाली दत्ता से मकान के संबंध में पूछताछ करने पर उसके द्वारा मकान के संबंध में किसी प्रकार का कोई जानकारी नहीं देकर लगातार गुमराह करने लगी तथा अपना मोबाईल फोन बंद कर दी, कि आरोपिया श्रीमती सोनाली दत्ता द्वारा प्रार्थिया सहित अन्य लोगों को शासकीय योजना के अंतर्गत बने मकान दिलाने का झांसा कुल 6,00,000/- रूपये प्राप्त कर ठगी किया गया।

जिस पर आरोपिया के विरूद्ध थाना गुढ़ियारी में अपराध क्रमांक 125/2023 धारा 420 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

बैठक...

लोकतंत्र को बचाने के लिए जमीन की लड़ाई लड़ेंगे

# ओबीसी का मुद्दा लाकर समाज को बांट रही बीजेपी -कु.शैलजा

रायपुर। AICC की महासचिव और छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी शैलजा मंगलवार दोपहर रायपुर पहुंची। यहां एयरपोर्ट में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा-ओबीसी का मुद्दा लाकर समाज को बांटने का काम भाजपा कर रही है।

शैलजा एयरपोर्ट से सीधे कांग्रेस भवन रवाना हो गईं। वहां उन्होंने विधायकों, सभी जिला अध्यक्षों और कांग्रेस कार्यकारणी की बैठक ली।

बैठक में राहुल की सदस्यता मामले में चर्चा की गई। वहीं प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक खत्म होने के बाद शैलजा ने कहा- भाजपा की साजिश से कांग्रेस पार्टी के सारे लोग बहुत उत्तेजित हैं। भाजपा धर्म जात-पात के नाम राजनीति कर रही है। लोकतंत्र को बचाने के लिए जमीन की लड़ाई लड़ेंगे। हर बूथ पर जाएंगे, ब्लॉक में जाएंगे और जिले में जाएंगे। सच्चाई हमेशा जीत की होती । यह राहुल का नहीं ये पूरे देश का मुद्दा है। कांग्रेस पार्टी सदन से लेकर सड़क तक इस मुद्दे को लेकर जाएगी।

### शीर्ष नेतृत्व की आवाज को दबाया जा रहा

इसके पहले राहुल गांधी की सदस्यता रद्द किए जाने के मामले में शैलजा ने कहा कि हमारे शीर्ष



नेतृत्व की आवाज को दबाया जा रहा है और बीजेपी आवाज दबाने का काम कर रही है। शैलजा ने कहा मोदी सरकार बदले की भावना से हमारे शीर्ष नेतृत्व के नेताओं को परेशान करने का प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री साजिश कर रहें हैं, लेकिन राहुल गांधी आम जनता की आवाज बन चुके हैं। बीजेपी आम जनता की आवाज को कैसे दबाएगी? जिस तरह से उनकी सदस्यता छीनी गई, फिर उनके निवास के लिए नोटिस भेजा गया, यह पूरा देश देख रहा है।

कांग्रेस विधायक में विकास उपाध्याय, कुलदीप जुनेजा, अरुण वोहरा समेत तमाम विधायक मौजूद हैं। कांग्रेस विधायक में विकास उपाध्याय, कुलदीप जुनेजा, अरुण वोहरा समेत तमाम विधायक मौजूद हैं।

शैलजा का कहना है कि इस मामले को लेकर पूरे देश में रोष है। पूरे देश मे कांग्रेस के साथ मिलकर सभी लोग विरोध कर रहे हैं। ऐसी घटना को हम सहने वाले नहीं है। भविष्य में देशभर में लोग अपने मत से बीजेपी को जवाब देंगे। हमें न्यायपालिका पर विश्वास है। हमें देश की जनता पर विश्वास है। कांग्रेस डिफेंसिव नहीं होगी। विधानसभा चुनाव में यहां के लोग भाजपा की सोच को नकारेंगे। प्रदेश के लोग और कांग्रेस के कार्यकर्ता राहुल गांधी के साथ है।

बैठक में मंत्री सिंहदेव, पीसीसी चीफ मोहन मरकाम, मंत्री डहरिया भी शामिल हुए हैं।

### दिनभर चलती रही बैठक

*रायपुर पहुंचने के बाद कुमारी शैलजा एयरपोर्ट से सीधे राजीव भवन बैठक लेने पहुंचीं।*

# आदिवासी युवती से मारपीट के आरोप में निरीक्षक गिरफ्तार

## एसएसपी ने की कार्रवाई, एससी एसटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में एक निरीक्षक ने शर्मनाक करतूत बेटी को अंजाम दिया था. आदिवासी बेटी को जमकर पीटा था। गाल में उसके तमाचा जड़ा था. इस मामले में अब एससी एसटी एक्ट के तहत एफआईआर हुई है. नशेड़ी निरीक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया है. एसएसपी प्रशांत अग्रवाल के नेतृत्व में कार्रवाई की गई है. दरअसल, आदिवासी युवती से मारपीट मामले में निरीक्षक राकेश चौबे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. राकेश चौबे को पुलिस कोर्ट में पेश करेगी. दो दिन पहले मामले को



लेकर आदिवासी बेटी विशेष थाना पहुंची थी. विशेष थाने में राकेश चौबे के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है. निरीक्षक के खिलाफ धारा 294, 596, 323, 509, 451, 354 IPC और 3(2)(1a) एससी एसटी ऐक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है. बता दें कि शराब के नशे में निरीक्षक राकेश चौबे जबरदस्ती महिला हॉस्टल में घुसा. जहां आदिवासी युवती से जमकर मारपीट की. इतना ही नहीं आरोप ये भी है कि गाली-गलौज के साथ किडनैप करने की भी धमकी दी थी।

# सरकार ने धर्म के आधार पर आरक्षण को खत्म करके ऐतिहासिक फैसला किया है

जो लोग आवाज उठा रहे हैं उन्हें समझना चाहिए कि सबसे पहली बात तो यही है कि धर्म के आधार पर आरक्षण देना बिल्कुल गलत है। भारतीय संविधान का आर्टिकल 14 कहता है कि सभी भारतीय एक समान हैं और सबको कानून का समान संरक्षण प्राप्त है। कर्नाटक सरकार ने विधानसभा चुनावों से पहले एक बड़ा कदम उठाते हुए धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण समाप्त करके इसे राज्य के दो प्रमुख समुदायों के मौजूदा आरक्षण के साथ जोड़ दिया है।

कर्नाटक में अब अल्पसंख्यकों के लिए चार फीसदी आरक्षण समान रूप से वितरित किया जाएगा और राज्य के वोक्कालिगा और लिंगायत समुदाय के मौजूदा आरक्षण में जोड़ा जाएगा।

दरअसल कर्नाटक सरकार ने वोक्कालिगा और लिंगायत समुदाय के लिए पिछले साल बेलगावी विधानसभा सत्र के दौरान 2सी और 2डी की दो नयी आरक्षण श्रेणियां बनाई गईं थीं। कर्नाटक मंत्रिमंडल ने अब धार्मिक अल्पसंख्यकों को आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की श्रेणी के तहत लाने का फैसला किया है। राज्य सरकार के इस फैसले के चलते वोक्कालिगा और अन्य के लिए चार प्रतिशत आरक्षण बढ़कर छह प्रतिशत हो जाएगा जबकि वीरशैव पंचमसाली और अन्य (लिंगायत), जिन्हें पांच प्रतिशत आरक्षण मिल रहा था, उन्हें अब सात प्रतिशत मिलेगा।

इस फैसले के खिलाफ जो लोग आवाज उठा रहे हैं उन्हें समझना चाहिए कि सबसे पहली बात तो यही है कि धर्म के आधार पर आरक्षण देना बिल्कुल गलत है। भारतीय संविधान का आर्टिकल 14 कहता है कि सभी भारतीय एक समान हैं और सबको कानून का समान संरक्षण प्राप्त है। आर्टिकल 15 कहता है कि जाति, पंथ, भाषा, क्षेत्र, जन्मस्थान के आधार पर किसी से भेदभाव नहीं किया जाएगा और आर्टिकल 16 कहता है कि हिंदू हो या मुसलमान, नौकरियों में सबको समान अवसर मिलेगा। यही नहीं, 26 मई 1949 को संविधान सभा में आरक्षण पर बहस के दौरान अनुसूचित जातियों को आरक्षण देने के प्रश्न पर आम राय थी लेकिन धार्मिक आधार पर आरक्षण देने पर अत्यधिक विरोध था। पंडित नेहरू ने भी कहा था कि पंथ आस्था मजहब आधारित आरक्षण गलत है लेकिन तब तक अल्पसंख्यक का मतलब मुसलमान हो चुका था। उस समय संविधान सभा के सदस्य तजम्मुल हुसैन ने जोर देकर कहा था कि 卐हम अल्पसंख्यक नहीं हैं, अल्पसंख्यक शब्द अंग्रेजों की खोज है। अंग्रेज यहां से चले गए, इसलिए इस शब्द को डिक्शनरी से हटा दीजिए। उन्होंने कहा था कि अब हिंदुस्तान में कोई अल्पसंख्यक नहीं है, हम सब भारतीय हैं卐। तजम्मुल हुसैन के भाषण पर संविधान सभा में खूब तालियां बजी थीं।



जो लोग धर्म के आधार पर मुस्लिमों के लिए आरक्षण मांगते हैं उनसे सवाल यह है कि क्या उस समुदाय को अल्पसंख्यक कह सकते हैं जो भारत के 200 से ज्यादा जिलों में पार्षद-प्रधान का भविष्य तय करता हो, लगभग 200 लोकसभा क्षेत्रों में सांसद का भविष्य तय करता हो और लगभग 1000 विधान सभा क्षेत्रों में हार जीत का निर्धारण करता हो। संविधान में सभी नागरिकों को बराबर अधिकार मिला हुआ है इसलिए अब समय आ गया है कि अल्पसंख्यक-बहुसंख्यक के आधार पर समाज का विभाजन बंद किया जाए अन्यथा दूसरा उपाय यह है कि अल्पसंख्यक की परिभाषा और जिलेवार अल्पसंख्यकों की पहचान के लिए दिशा-निर्देश तय किये जाएं और यह सुनिश्चित किया जाए कि केवल उसी समुदाय को संविधान के अनुच्छेद 29-30 का संरक्षण मिले जो वास्तव में सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से प्रभावहीन हो और संख्या में नगण्य हों।

नीरज कुमार दुबे

## संपादकीय

### सत्ता का मद ठीक नहीं

राजनीतिक दायरे में अगर सबसे तीखी जुबान बोलने वाली शक्ति की पहचान की जाए, तो उसमें आज की सत्ताधारी पार्टी और उसके पुराने एवं वर्तमान नेताओं के नाम संभवत: सबसे ऊपर की श्रेणी में आएंगे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मानहानि मामले में सजा सुनाने और उसके बाद उनकी संसद सदस्यता खारिज करने की पूरी प्रक्रिया पर अगर गंभीरता से सोचा जाए, यह कहने का पूरा आधार नजर आता है कि ये पूरा प्रकरण कानून नहीं, बल्कि राजनीतिक है। मुमकिन है कि लंबी अवधि में राहुल गांधी कानूनी प्रक्रिया से भी इसमें कुछ राहत हासिल कर लें। लेकिन यह उन्हें और उनके सलाहकारों के सामने भी अवश्य ही स्पष्ट होगा कि इस चुनौती का मुकाबला राजनीतिक मोर्चे पर ही किया जा सकता है। गौरतलब यह है कि राहुल गांधी को लोकसभा से निकालने की एक अन्य प्रक्रिया सत्ताधारी पार्टी ने शुरू कर रखी थी। अडानी प्रकरण पर सदन में उन्होंने जो भाषण दिया, उससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशेषाधिकार हनन बताने वाला एक प्रस्ताव अभी स्पीकर के विचाराधीन था। इस बीच 2019 के मामले में अचानक न्यायिक प्रक्रिया असामान्य रूप से तेज की गई और उससे उन्हें संसद से निकालने का रास्ता निकल आया। संभवत: सत्ता पक्ष को यह रास्ता कम जोखिम भरा मालूम पड़ा होगा। इसलिए कि अगर विशेषाधिकार हनन मामले में उन्हें सदन से निकाला जाता, तो उसे संसदीय बहुमत के अत्याचार के रूप में पेश करना अधिक आसान होता। जबकि फिलहाल, इसे न्यायिक प्रक्रिया का परिणाम बताया जा रहा है। लेकिन सच की एक आदत यह होती है कि वह छिपता नहीं है। इसीलिए सत्ता पक्ष से जुड़ा कोई व्यक्ति भी इस बात के मुतमईन नहीं होगा कि राहुल गांधी को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष प्रक्रिया के जरिए सदन निकाला दिया गया है।

# अनिश्चय के बीच चमकता सोना, अमेरिका में मंदी की आहट से बढ़ी चमक

जब शेयर बाजार धराशायी है और म्यूचुअल फंडों की हवा निकली हुई है, तब सोना फिर अपनी चमक बिखेर रहा है। अमेरिका के दो बैंकों के चारों खाने चित्त हो जाने के बाद बाजारों में कंपकंपी है और सभी को अमेरिकी फेडरल बैंक के अगले कदम की प्रतीक्षा है। इस अनिश्चित माहौल में भी सोने की चमक बरकरार है। भारत ही नहीं, दुनिया भर में सोना सदियों से बुरे समय का सच्चा साथी माना जाता रहा है।

जब भी दुनिया में संकट आता है, मसलन लड़ाइयां होती हैं, प्राकृतिक आपदाएं आती हैं या फिर महामारी फैलती है, तब सोना चमक उठता है और जिन्होंने सोने में निवेश किया, उनके सामने यह सुरक्षा दीवार की तरह खड़ा हो जाता है। महामारी के दौरान लाखों लोगों ने अपना सोना बेचकर घर चलाया। अभी कोई महामारी तो नहीं है, पर रूस-यूक्रेन युद्ध, चीन में लॉकडाउन, अमेरिका में मंदी की आहट और डॉलर की तेजी ने सोने की चमक बढ़ा दी है। यह 60,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर जा चुका है। अंतराष्ट्रीय बाजारों में यह प्रति औंस 2,000 डॉलर को पार कर फिलहाल नीचे आ गया है, लेकिन इसकी उड़ान के बारे में अभी कुछ कहा नहीं जा सकता है। दरअसल सारा खेल अमेरिका के फेडरल बैंक की ब्याज दरों पर निर्भर है। पिछले दिनों महंगाई रोकने के लिए अमेरिका के इस केंद्रीय बैंक ने कई बार ब्याज दरें



> अभी कोई महामारी तो नहीं है, पर रूस-यूक्रेन युद्ध, चीन में लॉकडाउन, अमेरिका में मंदी की आहट और डॉलर की तेजी ने सोने की चमक बढ़ा दी है।

बढ़ाईं। ब्याज दरें बढ़ाने के पीछे बैंकिंग सिस्टम से पैसे का उठाव कम होने और कीमतों के नियंत्रण में रहने का तर्क रहता है, पर इस बार ऐसा कुछ हुआ नहीं और अब इस बात के संकेत मिलने लगे हैं कि फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरें बढ़ाने का विचार त्याग दिया है।

इससे सोने के दाम में तेजी आ सकती है, क्योंकि मुद्रास्फीति से लड़ने में मौद्रिक नीतियां विफल हो गई हैं, ऐसे में, निवेशक और सोना खरीद सकते हैं। गोल्डमैन सैक्स के मुताबिक, अगले एक साल में सोना 2,050 डॉलर प्रति औंस पर जा सकता है। डॉलर के अब उतना मजबूत न रहने से सोने में तेजी आई है। ध्यान देने वाली बात है कि डॉलर के साथ सोने का विपरीत संबंध है, जिसका मतलब हुआ कि जब डॉलर चढ़ेगा, तब सोना गिरेगा। अब विशेषज्ञ मान रहे हैं कि सोना फिर बढ़ेगा। कम ब्याज दरों की वजह से अमेरिका-यूरोप में लोग सोने में निवेश करते हैं, जिससे उसकी कीमत बढ़ती रहती है।

सोने ने निवेशकों को कभी निराश नहीं किया। उसकी कीमत धीरे-धीरे बढ़ती ही रही है। वर्ष 2010 में देश में सोने की कीमत 18,500 रुपये प्रति 10 ग्राम थी, जो 2020 में बढ़कर 52,000 रुपये तक जा पहुंची। इसके लगातार महंगे होते जाने के पीछे आर्थिक कारणों के अलावा प्राकृतिक आपदाएं तो हैं ही, एक बड़ा कारण यह भी है कि सोना एक दुर्लभ धातु है, जिसका उत्पादन सीमित है। इसके खनन में लगे कारोबारी उत्पादन को समय-समय पर नियंत्रित करते हैं, ताकि इसका उत्पादन ज्यादा न बढ़े और मांग बरकरार रहे। हम भारतीय सदियों से सोने के दीवाने रहे हैं। मध्यकाल तक यहां सोने की कई बड़ी-बड़ी खदानें भी थीं। फिर हमारी परंपराएं ऐसी हैं कि सोना खरीदना मजबूरी भी है। अक्षय तृतीया, धनतेरस जैसे पर्वों पर हमारे यहां सोना खरीदने का चलन तो है ही, हम बेटियों के ब्याह में भी सोना खरीदते हैं। महिलाएं अपनी सुंदरता में चार चांद लगाने के लिए स्वर्णाभूषण खरीदती ही हैं। आने वाले बुरे वक्त के लिए भी सोना खरीदना अच्छा माना जाता है। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सोना आयातक देश है और कई वर्षों तक यह दुनिया का सबसे बड़ा आयातक देश रहा है। अब जब यहां सोने पर लगभग 15 प्रतिशत टैक्स है, तो इसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजारों से कहीं ज्यादा हो गई है और तस्करी काफी बढ़ गई है। बहरहाल सोने के दाम ज्यादा गिरते नहीं दिख रहे और जैसी परिस्थितियां हैं, उनमें सोने का दाम आज के स्तर से ज्यादा नीचे जाने वाला नहीं है।

मधुरेंद्र सिन्हा

## मिला जुला

### एक नजर

**पोते की चुनौती**

#### राहुल गांधी साबित करें कि सावरकर ने अंग्रेज़ों से माफी मांगी थी



**मुंबई.** हिन्दुत्व विचारक विनायक दामोदर सावरकर के पोते ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टिप्पणियों को लेकर सोमवार को उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की और उन्हें सावरकर द्वारा ब्रिटिश शासन से माफी मांगे जाने संबंधी दस्तावेज़ी साक्ष्य प्रस्तुत करने की चुनौती दी.

भारतीय जनता पार्टी द्वारा विभिन्न मुद्दों पर उनसे माफी मांगने को कहने के संबंध में किए गए सवाल पर राहुल गांधी ने शनिवार को कहा था, 'मेरा नाम सावरकर नहीं है, मेरा नाम गांधी है और गांधी किसी से माफी नहीं मांगता है...' कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने लोकसभा से अयोग्य घोषित किए जाने के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए यह बात कही थी.

ऐसी टिप्पणियों को बचकाना बताते हुए सावरकर के पोते रंजीत सावरकर ने कहा, 'राहुल गांधी कह रहे हैं कि वह माफी नहीं मांगेंगे, क्योंकि वह सावरकर नहीं हैं... मैं उन्हें चुनौती देता हूं कि वह सावरकर के माफी मांगने का कोई दस्तावेज़ी साक्ष्य दिखाएं...' रंजीत सावरकर ने कहा, 'देशभक्तों के नाम का उपयोग राजनीति चमकाने के लिए करना गलत है... कार्रवाई होनी चाहिए...'

### उद्धव ठाकरे की चेतावनी से सहमी कांग्रेस!

# सावरकर जैसे संवेदनशील विषयों पर टिप्पणी से दूर रहने विपक्षी दलों की सहमति

**राहुल** गांधी का हाल ही में सावरकर पर दिया बयान कांग्रेस पार्टी के लिए गले की फांस बन गया है। इसका नजारा तब देखने को मिला जब, बीती रात मल्लिकार्जुन खड़गे की डिनर मीटिंग में 17 दलों के नेता पहुंचे लेकिन, उद्धव ठाकरे ने दूरी बनाकर रखी।

ऐसे में कांग्रेस अब फूंक-फूंक कर कदम रख रही है। सूत्रों के अनुसार, तमाम विपक्षी दलों ने उद्धव की नाराजगी के बाद वीडी सावरकर जैसे संवेदनशील विषयों पर टिप्पणी करने से दूर रहने की सहमति जताई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर विपक्षी नेताओं की डिनर मीटिंग में उद्धव ठाकरे की गैर-मौजूदगी की चर्चा काफी ज्यादा थी। ठाकरे ने हाल ही में राहुल गांधी को चेतावनी दी थी वीडी सावरकर पर राहुल गांधी की टिप्पणी परेशान करने वाली है। उद्धव ने दो टूक शब्दों में कहा था कि सावरकर उनके लिए भगवान जैसे हैं।



**क्या कहा था राहुल ने**

दरअसल, हाल ही में राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सरनेम पर की गई टिप्पणी 'सारे मोदी चोर क्यों होते हैं' को लेकर दो साल की सजा के बाद सांसदी जाने को लेकर प्रेस कॉफ्रेंस की थी। राहुल गांधी ने बयान पर माफी मांगने को लेकर पूछे सवाल के जवाब में कहा था- 'मेरा नाम सावरकर नहीं गांधी है, मैं माफी नहीं मांगूंगा।' राहुल गांधी के इस बयान ने उद्धव ठाकरे के खेमे को गहरा आघात पहुंचाया। उद्धव ने राहुल गांधी को चेतावनी दी कि 'हमारे भगवान का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।' उन्होंने कहा था, 'मैं राहुल गांधी को बताना चाहता हूं कि हम एक साथ आए हैं, यह सही है, हम इस देश में लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए एक साथ आए हैं। लेकिन ऐसा कोई बयान न दें जो दरार पैदा करे।'

**डिनर मीटिंग में विपक्ष का सावरकर पर प्रस्ताव**

सोमवार रात को खड़गे के आवास पर विपक्ष की आगे की रणनीति पर चर्चा की गई। इस बैठक में 17 विपक्षी दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। आम आदमी पार्टी से लेकर ममता बनर्जी की टीएमसी के अलावा, DMK, शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, नीतीश कुमार की जनता दल यूनाइटेड, तेलंगाना की सत्तारूढ़ भारत रक्षा समिति, RS, CPM, CPI, MDMK, KC, TMC, RSP, RJD, J&K के सदस्य बैठक में एनसी, आईयूएमएल, वीसीके, एसपी, झामुमो उपस्थित हुए। लेकिन, उद्धव की पार्टी ने इस बैठक से खुद को किनारे रखा।

### ईपीएफओ ने इंटरेस्ट रेट बढ़ाया

# खुशखबरी! अब पीएफओ में जमा रकम पर मिलेगा ज्यादा ब्याज

**नई दिल्ली.** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के केंद्रीय न्यासी बोर्ड ने कर्मचारियों की भविष्य निधि पर ब्याज दरें बढ़ा दी हैं। EPFO ने कर्मचारियों की भविष्य निधि पर ब्याज दर बढ़ाकर 8.15% कर दी हैं। सीबीटी की बैठक कल यानी सोमवार से शुरू हुई थी। इस दौरान संभावना जताई जा रही थी कि ईपीएफओ की ओर से ब्याज दरों में बढ़ोतरी की जाएगी। ऐसा हुआ भी है। ईपीएफओ ने ब्याज दरें बढ़ा दी हैं। मार्च 2022 में, सरकार ने 2021-22 के लिए 8.1% ईपीएफ दर घोषित की थी, जो 1977-78 के बाद 40 साल में सबसे कम थी। सीबीटी की मीटिंग 28 मार्च तक चलनी है। उम्मीद की जा रही थी कि बैठक के खत्म होने के साथ ही कर्मचारियों को खुशखबरी मिल सकती है।




**ईपीएफओ की बढ़ी है इनकम**

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के लिए कमाई के लिहाज से पिछला साल काफी अच्छा रहा है। ईपीएफओ की आमदनी बढ़ी है। बता दें कि ईपीएफओ आपके फंड को कई जगहों पर निवेश करता है। जहां से उसे रिटर्न मिलता है। इस कमाई के जरिये ही ईपीएफओ आपको निवेश पर ब्याज देता है। इस बार ब्याज दरों को बढ़ाए जाने के पीछे कई कारण बताए जा रहे थे। मीडिया रिपोर्ट्स में इस बात की उम्मीद जताई जा रही थी कि इस बार ब्याज दरें बढ़ाकर 8.20 फीसदी की जा सकती हैं। वहीं ब्याज दरों को स्थिर रखने की भी संभावना जताई जा रही थी।

**पिछले बार घटाया गया था ब्याज**

बता दें कि ईपीएफओ ने पिछली बार ब्याज दर घटा दी थी। इससे कर्मचारियों को काफी झटका लगा था। ईपीएफओ ने ब्याज दर 8.5 फीसदी से कम करके 8.1 फीसदी कर दी थी। यह पिछले करीब 40 वर्षों की सबसे कम ब्याज दर थी। साल 1977-78 में ईपीएफओ ने आठ फीसदी का ब्याज दिया था। इसके बाद से ब्याज दर 8.25 फीसदी या इससे ज्यादा रही है।

# अमेरिकी स्कूल में गोलीबारी, 6 की मौत, पूर्व ट्रांसजेंडर स्टूडेंट ने 2 राइफलों से फायरिंग की

**नैशविल.** अमेरिका के नैशविले में एक स्कूल में सोमवार सुबह हुई फायरिंग में 3 छात्रों समेत 6 लोगों की मौत हो गई। सुबह 10.30 बजे हमलावर ऑड्री हेल ने राइफल और हैंडगन से द कोवेनेंअ स्कूल में फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग की सूचना मिलते ही पुलिस स्कूल में पहुंची और 15 मिनट के भीतर ऑड्री को मार गिराया। वह 2 राइफल और एक हैंडगन लेकर स्कूल पहुंची थी। पुलिस ने बताया कि 28 साल की ऑड्री इसी स्कूल की स्टूडेंट थी। वह ट्रांसजेंडर थी और सोशल मीडिया पर खुद की पहचान पुरुष बताती थी।

**मरने वालों में स्कूल हेड और चर्च के पादरी की बेटी शामिल**

तीनों मृतक बच्चे 9 साल के थे। उनमें से एक स्कूल के चर्च के पादरी चैड स्क्रग्स की बच्ची हैली स्क्रग्स थी। दो अन्य बच्चों की पहचान एवलिन डिकॉस और विलियन किन्नी के तौर पर हुई है। मरने वाले तीन सीनियर लोगों में एक सब्स्टीट्यूट टीचर सिंथिया पीक (61), स्कूल कस्टोडियल माइक हिल (61) और कोवेनेंट हेड कैथरीन कूंस (60) शामिल हैं। मेट्रोपॉलिटन नैशविले पुलिस डिपार्टमेंट ने ट्वीट कर इस घटना की पुष्टि की।

### नेपाल के एयरपोर्ट, होटल, लॉज में हाई अलर्ट

# पाक एम्बेसी की मदद से किसी तीसरे देश भाग सकता है अमृतपाल

**पटना.** खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह को लेकर नेपाल में हाई अलर्ट जारी हो गया है. नेपाल पुलिस अमृतपाल को ढूंढने में जुट गई है. सभी डोमेस्टिक और इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमीग्रेशन को अलर्ट कर दिया गया है. काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास ने नेपाल सरकार को पत्र लिखते हुए कहा कि भारत के भगौड़े अमृतपाल के नेपाल में छिपे होने और उसके हुलिया बदलकर विदेश भागने की आशंका की है. दूतावास ने नेपाल के सुरक्षाकर्मियों को अमृतपाल की अलग- अलग तस्वीरें भी साझा की हैं. मालूम हो कि सूचना थी कि अमृतपाल नेपाल भाग सकता है. उसके उत्तराखंड या यूपी से नेपाल भागने की आशंका थी. इसको लेकर दोनों राज्यों की अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर सख्त पहरेदारी भी बैठा दी गई थी लेकिन वह सबको चकमा देते हुए नेपाल फरार हो गया है.



**इन चार देशों में भागने की है योजना-**

दूतावास के पत्र में लिखा कि वह अपने पासपोर्ट या किसी फर्जी पासपोर्ट पर सफर कर सकता है. अमृतपाल के नेपाल से दुबई, कतर, सिंगापुर, बैंकॉक भागने की योजना होने की जानकारी के बाद इन सभी जगह जाने वाले विमान के यात्रियों की जांच सख्ती से की जा रही है. भारतीय खुफिया विभाग को आशंका है कि अमृतपाल नेपाल में पाकिस्तानी दूतावास के सहयोग से फर्जी पासपोर्ट के सहारे भागने की कोशिश करेगा. पूरे नेपाल में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है.

# इजरायल में विवादित न्यायिक सुधार कानून निलंबित, नेतन्याहू को झुकना ही पड़ा

**तेल अवीव.** इजरायल में भारी विरोध प्रदर्शनों को देखते हुए प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने विवादित न्यायिक सुधार कानून को निलंबित कर दिया है। सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल ओत्ज़मा येहुदित ने बताया है कि इस कानून को टालने को लेकर नेतन्याहू ने अपनी सहमति दे दी है। ओत्ज़मा येहुदित इजरायली राजनेता रक्षा मंत्री इतमार बेन गवीर की पार्टी है। जुइश पावर नाम की एक अन्य पार्टी ने भी इस कानून के स्थगन की पुष्टि की है। हालांकि, अभी तक नेतन्याहू ने खुद कोई बयान नहीं दिया है। इस कानून के खिलाफ हफ्तों से इजरायल में बवाल जारी है। अब इसमें इजरायली श्रम संगठन भी शामिल हो गए हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि अब इस कानून पर फैसला संसद की अगली बैठक में किया जाएगा। इस दौरान नेतन्याहू को एक बार फिर गठबंधन में शामिल पार्टियों के विरोध का सामना करना पड़ सकता है। पहले इन्हीं पार्टियों ने कानून को अपनी मंजूरी दी थी, लेकिन बढ़ते विरोध प्रदर्शन को देखते हुए इन्होंने यू-टर्न ले लिया है। इजरायल की संसद अगले हफ्ते छुट्टी पर रहेगी। ऐसे में इस कानून को कुछ दिनों बाद ही संसद नेसेट में प्रस्तुत किया जाएगा।



# बेरोजगारी भत्ता और सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण शासन की प्राथमिकता

## गोधन न्याय योजना में लापरवाही, घरघोड़ा और रायगढ़ के आरएईओ को शो कॉस नोटिस

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



बेरोजगारी भत्ता और सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण शासन की प्राथमिकता का कार्य है। इसे पूरी गंभीरता से पूर्ण करना है। इसके लिए सभी ट्रेनिंग पूरी कर ली जाए। उक्त बातें कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज समय-सीमा की बैठक में कही। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी भत्ते में आवेदकों के पंजीयन और सत्यापन के लिए पृथक दलों का गठन कर ट्रेनिंग पूरी करने के निर्देश कलेक्टर सिन्हा ने दिए। उन्होंने कहा कि इस पूरे काम में किसी भी स्तर पर लापरवाही नही होनी चाहिए। मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना से स्वीकृत भवनों के निर्माण पर चर्चा करते हुए कलेक्टर सिन्हा ईई आरईएस को निर्देशित किया कि जिन भवनों के मरम्मत के लिए राशि स्वीकृत हुई है उनके टेंडर जल्द लगाए। निर्माण कार्यों को अगले सत्र से पहले पूरा किया जाना है। उन्होंने इसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी को निर्माण एजेंसी के साथ जरूरी समन्वय करने के लिए कहा। कलेक्टर सिन्हा ने अस्पतालों में चल रहे हमर लैब व ब्लड बैंक निर्माण पर चर्चा की तथा अन्य निर्माण कार्यों की भी विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी निर्माण एजेंसीज से कहा कि काम पूरी गति से होने चाहिए, कहीं भी रूकावट या दिक्कत आये तो तत्काल अवगत कराये, जिससे उसे दूर करते हुए निर्माण कार्यों को समय-सीमा के भीतर पूरा किया जा सके।

कलेक्टर सिन्हा ने बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की भी गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पेयजल आपूर्ति अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए। पीएचई के अधिकारी विशेष रूप से ध्यान दें कि कार्य समय-सीमा में पूर्ण हो तथा काम की गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं चलेगा। कलेक्टर सिन्हा ने महिला बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि गंभीर व मध्यम कुपोषित बच्चों की नियमित ट्रेकिंग करें तथा सारी जानकारी संधारित रखें। कलेक्टर सिन्हा ने राजस्व विभाग के मामलों की भी समीक्षा इस दौरान की। उन्होंने समय-सीमा से बाहर के प्रकरणों पर एक-एक कर जानकारी ली। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि प्रकरण समय-सीमा पर निराकृत हो यह अधिकारियों का प्रयास होना चाहिए।

### आयुष्मान कार्ड की प्रगति बढ़ाने स्वास्थ्य अमले को लगाएं फील्ड में

कलेक्टर सिन्हा ने बैठक में आयुष्मान कार्ड निर्माण की समीक्षा की। कुछ विकासखंडों में प्रगति बेहद धीमे पाए जाने पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई। जिला नोडल को हिदायत देते हुए कहा कि अगली समीक्षा में काम में तेजी नहीं आने पर कार्यवाही होगी। कलेक्टर सिन्हा ने एसडीएम को स्वास्थ्य विभाग के बीपीएम और मैदानी अमले को सक्रिय कर कार्य की मॉनिटरिंग करने के लिए कहा।

### सक्रिय गोबर विक्रेताओं की संख्या बढ़ाये

कलेक्टर सिन्हा ने बैठक में गोधन न्याय योजना के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की। गोधन न्याय योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही और गोबर खरीदी की एन्ट्री नहीं करने को लेकर कड़ी नाराजगी जतायी और घरघोड़ा तथा रायगढ़ विकासखण्ड के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गोधन न्याय योजना के क्रियान्वयन की प्राथमिक जिम्मेदारी कृषि विभाग की है। अत: विभाग के अधिकारी फील्ड में योजना के सुचारू रूप से संचालन की नियमित मॉनिटरिंग करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी गौठानों में सक्रिय गोबर विक्रेताओं की संख्या बढ़ाने के निर्देश उप संचालक पशुपालन विभाग को दिए। इसके साथ ही उन्होंने नियमित गोबर खरीदी तथा कम्पोस्ट निर्माण के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया।

# पिता के इलाज के लिए एम्स जा रहे इंजीनियरिंग छात्र की सड़क हादसे में मौत

## डबरापारा चौक खुर्सीपार में हुआ हादसा

**भिलाई।** डबरापारा चौक खुर्सीपार के पास मंगलवार की सुबह बड़ा हादसा हो गया। पिता को एम्स हॉस्पिटल ले जा रहे इंजीनियरिंग के छात्र की हादसे में मौत हो गई है। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना के बाद खुर्सीपार पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रवाना कर दिया गया। वहीं हादसे के बाद फरार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार हादसा मंगलवार की सुबह लगभग 7 बजे की है। इंजीनियरिंग का छात्र अनुज पोद्दार मंगलवार की सुबह 7 बजे अपने पिता रविंद्र पोद्दार के साथ बाइक क्रमांक CG 07 BT 6478 से रायपुर एम्स जा रहा था। बाइक को अनुज का पिता रविन्द्र पोद्दार चला रहा था। डबरा पारा चौक के पास निर्माणाधीन ओवर ब्रिज के पास इनकी बाइक स्लिप खाकर गिर गई। पिता पुत्र अलग अलग ओर गिर गए। इस दौरान अनुज सड़क की ओर गिर गया और उसी समय पीछे से आ रही हाइवा ने उसे कुचल दिया। बताया जा रहा है कि अनुज के सिर पर हाइवा का पहिया चढ़ गया था जिससे उसकी मौत हो गई। पिता के सामने ही बेटे की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई।




# आरसीए कप का ऑक्शन समारोह संपन्न

## 8 टीमें चुनी गई, प्रत्येक में 14 खिलाड़ी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

आरसीए कप प्रतियोगिता का आयोजन अप्रैल माह में होने जा रहा है। जिसके नीलामी समारोह का आयोजन होटल अंश में सोमवार को संपन्न हुआ। समिति के सदस्य आकाश चंद्रा एवं संतोष मिश्रा ने बताया कि समिति के अध्यक्ष रामचन्द्र शर्मा के निर्देशन में उक्त समारोह के गेस्ट ऑफ ऑनर दीपक डोरा, रितेश सिंघानिया, विनोद महामिया, सुरेन्द्र सिंह बल, दीपेश गर्ग, भरत गोयल, आकाश पुरसेठ, संजय प्रधान आदि रहे। अपने उद्बोधन में दीपक डोरा ने कार्यक्रम की प्रशंसा की। इसे खिलाड़ियों के लिए बेहतर मौका बताया। रितेश सिंघानिया ने खेल में सहभागिता करने की बात भविष्य के लिए भी कही। कार्यक्रम के आरंभ में सदस्य कैलाश त्रिपाठी ने टूर्नामेंट के संबंध में प्रतिवेदन रखा। कार्यक्रम में सदस्य शम्मी पुरसेठ के द्वारा प्रतियोगिता की नियमावली बताई गई। अध्यक्ष रामचन्द्र शर्मा ने प्रतियोगिता का उद्देश्य एवं समिति संबंधी जानकारी रखी। टीम के चयन के पश्चात सभी अतिथियों को मोमेंटो प्रदान किया गया। मंच का संचालन सुश्री ऊर्जा जैन ने किया।



### ये हैं आईकॉन प्लेयर

समिति के सदस्य कैलाश त्रिपाठी एवं आकाश चंद्रा ने बताया कि 8 टीमों का चयन ऑक्सन के द्वारा किया गया। इसमें ऑईकॉन प्लेयर इस प्रकार रहे। आरसीए टीम में राहुल सिदार, ख्याती टीडीएस रॉकर्स में करण महेश, संस्कार स्काई में सचिन चौहान, एपी ब्लॉसटर में राहुल नायक, गोयल कंस्ट्रक्शन में अमित कुंवर, लिटिल एंजल में संजय प्रधान, रायगढ़ लॉयन्स में अक्षय गुप्ता एवं पॉली फाईटर में विकास द्विवेदी आईकॉन प्लेयर रहे। कार्यक्रम में आयोजन समिति के अध्यक्ष रामचन्द्र शर्मा, सदस्य आकाश चंद्रा, संतोष मिश्रा, कैलाश त्रिपाठी, कु. ऊर्जा जैन, आशीष ओझा, विधान यादव, शेख हन्नान, अनुग्रह नारायण, गौरव त्रिपाठी आदि शामिल रहे।

# 3000 मरीजों का मेगा कैंप में किया ईलाज

## जिला स्तरीय मेगा हेल्थ कैंप में दूर दराज से बड़ी संख्या में ग्रामीणजन पहुंचकर करवा रहे अपना ईलाज

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।







* एम्स रायपुर के 15 डॉ.और 26 लोगों की टीम कैंप में अपनी सेवाएं दे रहे
* कैम्प में मेडिसिन, सर्जरी, शिशु रोग विशेषज्ञ नाक, कान, गला, स्त्री रोग विशेषज्ञ, हृदय रोग विशेषज्ञ, अस्थि रोग विशेषज्ञ मरीजों का कर रहे ईलाज

जिला प्रशासन एवं अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर संयुक्त तत्वाधान में आज जिला अस्पताल परिसर में मेगा हेल्थ कैंप का विधायक विनय भगत ने शुभांरभ किया इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल और रायपुर एम्स के डॉ. और विशेषज्ञ उपस्थित थे। रायपुर से 15 डॉ. के साथ कुल 26 लोग की टीम जशपुर पहुंचे है जिला प्रशासन और कलेक्टर डॉण् रवि मित्तल के सार्थक पहल से जशपुर जिले में पहली बार रायपुर एम्स के डॉ. दूरस्थ अंचल के ग्रामीण जन गंभीर मरीज का ईलाज कर रहे हैं। इसके साथ ही जिन मरीजों को उच्च अस्पताल में रेफर करने की आवश्यकता है उन्हें रेफर भी किया जा रहा है। जिला अस्पताल के डॉ. को भी एम्स रायपुर प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा ताकि वहां जाकर वे किस तरह मरीजों का और बेहतर ईलाज कर सकते है इसकी जानकारी लेकर आएंगे। कैम्प में मेडिसिन, सर्जरी, शिशु रोग विशेषज्ञ नाक, कान, गला, स्त्री रोग विशेषज्ञ, हृदय रोग विशेषज्ञ, अस्थि रोग विशेषज्ञ मरीजों का ईलाज कर रहे है। विधायक विनय भगत ने सम्बोधित करते हुए कहा कि जशपुर वासियों के लिए बहुत खुशी का दिन है। आज उन्हें एक ही जगह पर सभी बीमारियों की ईलाज की सुविधा जिला प्रशासन ने उपलब्ध करा दी है। इसके लिए कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल के कार्यो की प्रसंशा करते हुए डॉ.की पूरी टीम को अपनी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने अपने संबोधन में कहा कि जशपुर जिला दूरस्थ अंचल होने के कारण यहां पर स्वास्थ्य सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से गंभीर मरीजों को स्वास्थ्य का लाभ देने के लिए मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया है। उन्होंने एम्स से आए डॉ. स्टाफ और जिला अस्पताल के डॉ.और पूरे स्टाफ को अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने लोगों को मेगा हेल्थ कैंप का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह किया। मेगा हेल्थ कैंप में जिले के विभिन्न विकासखंडो से विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा मरीजों का भी ईलाज प्राथमिकता से किया गया। बगीचा से 110 मनोरा से 18 पहाड़ी कोरवा मरीजों का ईलाज किया गया है। रायपुर से आए एम्स के डॉ. में ऑर्थोपेडिक विभाग के कंसलटेंट सीनियर रेसीडेंट डॉ. दुष्यंत चौहान, डॉ. शिवनी प्रजापति, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ कंसलटेंट और सीनियर रेसीडेंट प्रो. डॉ.सरिता अग्रवाल, डॉ.चंद्रशेखर श्रीवास्तव, डॉ.तूलिका चौहान, कान नाक गला विभाग के डॉ. सतीश सातपुते, डॉ.आकाश अग्रवाल, कार्डियोलॉजी विभाग के डॉ.मुनेश्वर कुमार, सामान्य सर्जरी विभाग कंसलटेंट और सीनियर रेसीडेंट डॉ.त्रिदिप दत्ता बरुवा, डॉ.हनुमंता, शिशु शल्य चिकित्सा विभाग कंसलटेंट डॉ. नितिन कुमार बोरकर, सामान्य चिकित्सा विभाग कंसलटेंट सीनियर रेसीडेंट डॉ. पंकज कुमार, डॉ. अंकित राणा, शिशु रोग विभाग जूनियर रेसीडेंट डॉ.ईशान कपिल, डॉ.गुलशन कुमार, फार्मासिस्ट चंद्रशेखर देशमुख, उप चिकित्सा अधिकारी प्रकाश सवानी, नर्सिंग अधिकारी सुश्री दीपाली सुश्री डयाना,विशाल,प्रसनजीत अपनी सेवाएं देगे। इस अवसर पर जशपुर के मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी रंजीत टोप्पो, डीपीएम स्मृति एक्का, जिला अस्पताल के सलाहकार राजेश कुरील और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## एक नजर

### बरमकेला में 29 मार्च को फूड लाइसेंस शिविर

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देश पर उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ द्वारा जिले में फूड लाइसेंस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा एफसएसआई खाद्य अनुज्ञप्ति पंजीयन शिविर ड्रीम कैफेलेंधरा रोड़ बरमकेला में 29 मार्च को फूड शिविर का आयोजन किया गया है। पंजीयन का कार्य प्रात: 11 बजे से संध्याकालीन 4 बजे तक किया जाएगा। शिविर में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 31 के तहत रिपैकर, रीलेबर, खाद्य परिवहन, थोक व खुदरा विक्रेता, होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, किराना दुकान, मीट शॉप, पान ठेला, गुपचुप ठेला, गन्ना रस, जूस सेंटर, खाद्य बर्फ, पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर, सब्जी, फल विक्रेता व अन्य किसी भी प्रकार के खाद्य कारोबारकर्ता को लाइसेंस पंजीयन प्रमाण पत्र बनवाना अनिवार्य है। बिना खाद्य अनुज्ञप्ति के खाद्य कारोबार करने पर 6 माह का कारावास एवं एक लाख रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान है तथा खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा कड़ी कार्यवाही की जा सकती है। पंजीयन लाइसेंस के लिए खाद्य कारोबार कर्ता के पासपोर्ट साइज का फोटो, आधार कार्ड, बिजली बिल, किरायानामा नियम की एनओसी या गुमास्ता दस्तावेज होना अनिवार्य है। पंजीयन हेतु वार्षिक टर्नओवर 12 लाख तक होने पर 100 रूपए पंजीयन शुल्क, 12 लाख से 20 करोड़ तक पर 2000 रूपए पंजीयन शुल्क है, जबकि उत्पादनकर्ता हेतु क्रमश: 3000 व 5000 रूपए का प्रति वर्ष शुल्क निर्धारित है। जिला प्रशासन ने सभी खाद्य कारोबार कर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पंजीयन अनुज्ञप्ति शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### सरपंच और पंच के आम-उप निर्वाचन हेतु निर्वाचक नामावली तैयार करने एवं पुनरीक्षण कार्य हेतु अधिकारी नियुक्त

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचनद्ध डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने पंचायत आम-उप निर्वाचन 2023 के लिए मतदाता सूची तैयार करने हेतु जिले के निर्वाचक नामावली तैयार करने एवं पुनरीक्षण कार्य हेतु अधिकारियों की नियुक्ति की है। विकासखंड सारंगढ़ के ग्राम दुर्गापाली, बरभांठा अए टिमरलगा, मल्दा ब सरपंच पद हेतु उप निर्वाचनद्ध खुडुभांठा वार्ड 2 मुड़वाभांठा वार्ड 15 पंच पद हेतु उप निर्वाचनद्ध के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्वद्ध सारंगढ़ को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार सारंगढ़ को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अपर कलेक्टर सारंगढ़-बिलाईगढ़ को अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया गया है। विकासखंड बरमकेला के ग्राम बारादावन सरपंच पद हेतु उप निर्वाचन, कोकबहाल वार्ड.14 पंच पद हेतु उप निर्वाचन के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सारंगढ़ को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार बरमकेला को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अपर कलेक्टर सारंगढ़-बिलाईगढ़ को अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया गया है। विकासखंड बिलाईगढ़ के ग्राम बालपुर, अमलडीहा सरपंच पद हेतु उप निर्वाचन और देवसागर वार्ड-4 पंच पद हेतु उप निर्वाचन के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बिलाईगढ़ को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार बिलाईगढ़ को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अपर कलेक्टर सारंगढ़-बिलाईगढ़ को अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया गया है। विकासखंड बिलाईगढ़ के ग्राम टेढ़ीभदरा सरपंच पद हेतु आम निर्वाचन और टेढ़ीभदरा वार्ड.1 से 10 तक पंच पद हेतु आम निर्वाचन के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बिलाईगढ़ को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार भटगांव को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अपर कलेक्टर सारंगढ़-बिलाईगढ़ को अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### सांसद दीपक बैज ने ईडी की कार्रवाई का मुद्दा लोस में उठाया

**बस्तर ।** क्षेत्रीय सांसद दीपक बैज अडानी मामले और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द किए जाने के मुद्दे पर कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दलों के सांसदों के साथ विरोध प्रदर्शन में घंटों व्यस्त रहने के बावजूद लोकसभा में सवाल उठाने में पीछे नहीं रहे। श्री बैज ने प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी ) की कार्रवाई का मुद्दा पुरजोर तरीके से लोकसभा में उठाया। उन्होंने सरकार से बीते पांच सालों के दौरान ईडी द्वारा की गई कार्रवाइयों का ब्यौरा मांगा। श्री बैज के प्रश्न पर सरकार की ओर से जानकारी दी गई कि पांच साल में ईडी ने कुल 3 हजार 497 मामले दर्ज किए हैं। बस्तर के कांग्रेस सांसद दीपक बैज ने अतारांकित प्रश्न के जरिए केंद्रीय वित्तमंत्री से पूछा कि बीते पांच वित्तीय वर्षों के दौरान धन शोधन और आर्थिक अपराधों के कुल कितने मामले दर्ज किए गए हैं और मामलों की राजयवार संख्या कितनी कितनी है?

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सम्पन्न हुआ सामूहिक विवाह

## 21 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में दिव्यांग जोड़ा भी शामिल

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना अंतर्गत जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के लाइवलीहुड कॉलेज कैंपस, सलका में आयोजित सामूहिक विवाह में 21 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। इसमें एक दिव्यांग जोड़ा भी शामिल रहा। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रेणुका सिंह, उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जनपद पंचायत अध्यक्ष सौभाग्यवती सिंह कुसरो एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने शामिल होकर वर.वधु को सुखमय जीवन का आर्शीवाद दिया। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत प्रति जोड़े 25 हजार रूपए का प्रावधान है। जिसमें 5 हजार रूपए भोजन एवं व्यवस्था, प्रोत्साहन हेतु चेक राशि 1 हजार रूपए चेक के माध्यम से एवं शेष राशि की उपहार सामग्री प्रदान की जाती है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह शासन की एक ऐसी योजना है जो निर्धन परिवारों के लिए बहुत ही सहयोगी है। इससे गरीब परिवारों के बच्चों की शादी पूरे सामाजिक रीति रिवाज के साथ संपन्न होने के साथ ही उन्हे आर्थिक राशि एवं सामग्री दी जाती है। बजट 2023-24 के अंतर्गत योजना के तहत 25 हजार रुपए की राशि को बढ़ाकर 50 हजार रुपए का प्रावधान किया गया है।





# आर्थिक रुप से कमजोर महेंद्र को श्री धन्वंतरि जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स में फार्मासिस्ट पद पर मिली नियुक्ति

## जन चौपाल में कलेक्टर झा ने सुनी लोगों की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जन चौपाल आयोजित हुई। जिसमें कलेक्टर संजीव झा ने लोगों की समस्याएं सुनी और उनका निराकरण किया।



### जन चौपाल, 119 लोगों ने प्रस्तुत किए आवेदन



कलेक्टर झा ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण कर उनको राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। आज जन चौपाल में 119 लोगों ने अपनी मांगों व समस्याओं को लेकर कलेक्टर संजीव झा के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किए। जन चौपाल में पहुंचे लोगों ने एक-एक कर अपनी समस्याएं व मांगे रखी। जिसमें विकासखंड पोड़ी-उपरोड़ा के ग्राम हथिदर जटगा निवासी महेंद्र विश्वकर्मा ने कलेक्टर के समक्ष आवेदन देकर अपनी आर्थिक स्थिति कमजोर होने और कोई काम नहीं होने की बात कही। कलेक्टर झा ने महेंद्र विश्वकर्मा की मांग को संवेदनशीलता से लेते हुए हुए उसे जीवन यापन के लिए रोजगार प्रदान करने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए। जिस पर महेंद्र विश्वकर्मा को उसकी शैक्षणिक योग्यता को देखते हुए फ र्मासिस्ट के रूप में श्री धन्वंतरि जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स में कलेक्टर दर पर नियुक्ति प्रदान की गई है। जन चौपाल में आवेदन के बाद तत्काल रोजगार मिलने पर महेंद्र ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। इसी तरह जन चौपाल में डॉ बिसाहूदास महंत मेडिकल कॉलेज में पदस्थ डॉ अमरावतीन बाई कुर्रे ने कलेक्टर झा को आवेदन देकर बताया कि हसदेव परियोजना मंडल जलसंसाधन विभाग द्वारा मकान क्रमांक एफ3 को उसके नाम आबंटित किया गया है। लेकिन उसे अब तक उक्त आवास नहीं मिल पाया है। इस पर कलेक्टर झा ने संबंधित विभाग के कार्यपालन अभियंता को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

कटघोरा तहसील के ग्राम महेशपुर निवासी लीला बाई ने जनचौपाल में पहुंचकर सड़क दुर्घटना में उसके पति की मृत्यु हो जाने पर आर्थिक सहायता राशि की मांग रखी है। इस आवेदन पर कलेक्टर श्री झा ने एडीएम को कार्यवाही के लिए निर्देश दिए हैं। बरपाली तहसील अंतर्गत चिकनीपाली वार्ड क्रमांक 9 निवासी भोकूलाल ने जनचौपल में कलेक्टर को पत्र देकर बताया कि उसके स्वामित्व की भूमि पर रामकुमार नाम के व्यक्ति ने कब्जा कर लिया है। इस शिकायत पर कलेक्टर झा ने तहसीलदार को जांच के निर्देश दिए हैं। जन चौपाल में इसी तरह भूमि सीमांकन, नामांतरण, राशन वितरण की समस्या, वेतन भुगतान, बंटवारा प्रकरण के निराकरण, मुआवजा भुगतान की मांग, एसईसीएल में रोजगार की मांग,अतिक्रमण हटाने सहित अन्य मांगों व समस्यायों से संबंधित आवेदन लोगों ने प्रस्तुत किए। जिसके निराकरण के निर्देश कलेक्टर संजीव झा ने विभागीय अधिकारियों को दिए। जन चौपाल में अपर कलेक्टर विजेंद्र पाटले, नगर निगम आयुक्त प्रभाकर पांडेय, जिला पंचायत नूतन कंवर सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# सावधानी और ईमानदारी से पूरी गंभीरता के साथ सर्वे कार्य करना है-कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़-- सारंगढ़-बिलाईगढ़।

कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के नेतृत्व में जिले में छत्तीसगढ़ राज्य सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के लिए विकासखंडों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जनपद पंचायत बरमकेला के सभाकक्ष में प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर ने सभी प्रशिक्षणार्थियों से पूछा कि कैसे सर्वे कार्य करना है। किसी प्रकार का मन में प्रश्न है तो पूछिए। इस कार्य में सुपरवाइजरों की बड़ी जिम्मेदारी है। सावधानी और ईमानदारी से पूरी गंभीरता के साथ सर्वे कार्य करना है। सर्वे में किसी भी परिवार का रिकार्ड नहीं छूटना चाहिए। सर्वे के दौरान किसी तरह की तकनीकी समस्या होने पर तत्काल समाधान के लिए तकनीकी अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर ने सुपरवाइजरों को अपने अधीनस्थ प्रगणक दलों की बैठक लेनेए उनसे समन्वय एवं सहयोग तथा उनके कार्यों की मॉनिटरिंग करने कहा गया। इस अवसर पर एसडीएम मोनिका वर्मा उपस्थित थी। मुख्यमंत्री बघेल के घोषणा के अनुरूप सर्वे कार्य 1 अप्रैल से शुरू होकर 30 अप्रैल 2023 तक पूर्ण किया जाना है। ऑनलाइन और ऑफ लाइन दोनों में दर्ज होंगे। मास्टर ट्रेनर राजकुमार पटेल द्वारा सुपरवाइजर स्तरीय नोडल लाजिंग पेज में आनलाइन प्रपत्र भरने के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में मकानों की नंबरिंग, प्रपत्र डाउनलोड, विकल्प चयन, नाम, बैंक खाता नंबर, आईएफएससी कोड, बैंक का नाम, लिंग, वर्ग, आयु, मोबाइल नंबर के साथ-साथ ई-केवायसी के तहत बैंक खाता को आधार और पैन कार्ड से लिंक आदि करने के बारे में बताया गया। सर्वे का संपूर्ण कार्य एप्प के माध्यम से किया जाना है





किन्तु समानांतर रूप से प्रपत्र की जानकारी हार्डकॉपी में भी दर्ज की जाएगी तथा प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठ पर प्रगणक एवं सर्वेक्षित परिवार के मुखिया या सदस्य के हस्ताक्षर अथवा अंगूठे का निशान प्राप्त किया जाना है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 25 मार्च को मुंगेली जिले के सरगांव में आयोजित भरोसे के सम्मेलन में चिप्स द्वारा निर्मित छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 हेतु मोबाईल एप का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा था कि राज्य के सभी वर्गों का उत्थान हमारी शासन की प्राथमिकता है। इसके लिए आधुनिक तकनीकों का उचित उपयोग किया जा रहा है। चिप्स द्वारा विकसित ऐसा यह एप्प तैयार किया गया है, जो डाउनलोड करने के बाद उस एप्प में आफलाइन मोड में एन्ट्री कर सकते हैं, जो इंटरनेट कनेक्टिविटी मिलते ही डाटा अपडेट कर देगा। सर्वे करते समय प्रगणक किसी भी मकान का फोटो खींचे तो उसमें मुखिया और मकान का नंबर स्पष्ट दिखना चाहिए। एक परिवार को एक प्रपत्र भरना होगा। प्रपत्र में आधारभूत जानकारी प्रविष्टि करनी है। एक टीम लगभग 400 घरों का सर्वे करेंगे। लगभग 750 के घरों के लिए दो टीम सर्वे का काम करेंगे। एक टीम में एक पुरूष शासकीय कर्मी और एक महिला मितानिन या आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आदि शासकीय तौर पर कार्यरत महिलाएं हो सकती हैं। पुरूष शासकीय कर्मी की उपलब्धता नहीं होने की स्थिति में संविदा कर्मचारियों को टीम में रख सकते हैं।

पलायन करने वाले परिवार के किसी सदस्य द्वारा दी गई जानकारी एप्प में भरेंगे। एप्प में राशन कार्ड के डाटा, नया राशन कार्ड एन्ट्री, परिवारों के सदस्यों की सूची और उनका कौशल प्रशिक्षण, प्रशिक्षण के उपरांत उनका वर्तमान आयए भूमि, आयकर दाता, आवास, शौचालय, वाहन, घरेलू रसोई गैस, आधार की सहमति आदि की जानकारी होंगी। सर्वेक्षण के लिए प्रश्नों की सूची तैयार की गयी है। उल्लेखनीय है कि सर्वे का उद्देश्य विगत वर्षों में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का जनसामान्य के जीवन स्तर पर पड़े प्रभाव का आंकलन करए प्राप्त डाटा का भविष्य में योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन तथा नई योजनाओं के निर्माण हेतु उपयोग किया जाना है।

## समाचार सार

### संयुक्त टीम द्वारा ग्राम जोगेसरा में बाल विवाह को रोका गया

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग भटगांव, चाइल्ड लाइन रायगढ़, जिला बाल संरक्षण इकाई रायगढ़ एवं बलौदाबाजार के संयुक्त टीम द्वारा बाल विवाह को रोका गया। संयुक्त टीम ने नाबालिग वधु के परिवारजनों को बालिग होने के बाद विवाह करने की समझाइश दी। यह प्रकरण थाना सरसींवा, विकासखंड बिलाईगढ़ के ग्राम जोगेसरा की है। बारात महासमुंद जिले से आने वाले थेए जिनको सूचित करके बारात को आने से रोका गया।

### शिक्षा विभाग की बड़ी लापरवाही- एक ही शिक्षक को बनाया गया दो स्थानों का केंद्राध्यक्ष



**बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ के बिलाईगढ़ में शिक्षा विभाग की तरफ से बड़ी लापरवाही सामने आई है। दरअसल, एक ही शिक्षक को दो स्थानों का केंद्राध्यक्ष बनाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा और ओपन स्कूल की परीक्षा दोनों मंगलवार को है। इन दोंनो जगहों पर एक ही शिक्षक को केंद्राध्यक्ष बनाया गया है। ऐसे में कन्या शाला ओपन स्कूल बिलाईगढ़ में परीक्षा बिना केंद्राध्यक्ष के संचालित हो रही है।

### कोटपा एक्ट का पालन सख्ती से कराने दल गठित

**सूरजपुर।** संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में कोटपा एक्ट 2003 की सख्ती से पालन कराने एवं उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार कार्यवाही एवं जुर्माना किए जाने हेतु अधिकारी कर्मचारियों का दल गठित किया गया है। श्री नीरज कांत तिवारी सहा. अधीक्षक, भू-अभिलेख श्री बसंतलाल सोनी, प्रभारी अधीक्षक, एवं श्री अनुज कुमार गुप्ता, नाजिर को बनाया गया है। गठित दल प्रतिदिन किये गए कार्यवाही का प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।

### भिलाई के हैंडबॉल प्लेयर की हावड़ा नदी में मिली लाश

**दुर्ग ।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के भिलाई से एक सनसनीखेज खबर सामने आई है। दरअसल भिलाई के हैंडबॉल प्लेयर की लाश हावड़ा नदी में मिली है। बताया जा रहा है कि मृतक खिलाड़ी कोलकाता से गायब हो गया था, जिसके बाद कल शाम उसकी लाश मिली है। मिली जानकारी के अनुसार गुवाहाटी में आयोजित हैंडबॉल प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए भिलाई के चार खिलाड़ी 24 मार्च को रवाना हुए थे। इस टीम में सेक्टर 4 निवासी सिराज भी शामिल था। लेकिन गुवाहाटी पहुंचने से पहले सिराज कोलकाता से लापता हो गया, जिसके बाद टीम के कोच ने शिकायत दर्ज करा दी और अन्य खिलाड़ियों को लेकर आगे रवाना हो गए।

करोड़ो की बसें हुई कबाड़

# सिटी बसों का परिचालन बंद, बैटरी और पहिया तक चुरा ले गए चोर



**जांजगीर।** शासन प्रशासन यदि लापरवाह हो जाए तो उसका खामियाजा पुरे सूबे को भुगतना पड़ता हैं। जिले में करोड़ों की सिटी बस कबाड़ में तब्दील हो गई। देखरेख के अभाव में अधिकतर बसों के कलपुर्जे चोरी हो गए हैं। कोरोना काल में बसों का परिचालन बंद कर दिया गया था. जिसे अभी तक बहाल नहीं किया गया है. इधर बसों के कलपुर्जों की चोरी की रिपोर्ट तक नगरपालिका ने पुलिस थाने में दर्ज नहीं करवाई है।

प्रत्यक्षदर्शी बताते हैं कि कबाड़ हो चुके सिटी बसों को देखकर लगता है कि सिटी बसों के पुन- संचालन में प्रशासन को रूचि नहीं है. इसी वजह से आम लोगों को यात्रा करने के लिए ज्यादा पैसे देने पड़ रहे हैं।

रायगढ़ नगर निगम प्राधिकरण के तहत 4 करोड़ 80 लाख की लागत से 10 सिटी बसों की खरीदी की गई थी. इन्हें जांजगीर-चांपा जिले में परिचालन के लिए भेजा गया था। लोगों के आवागमन को आसान करने और ऑटो रिक्शा ड्राइवरों के मनमानी लूट से राहत देने के लिए रायगढ़ से 10 सिटी बसें मंगवाई गई थीं.

# कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी से निजी डॉक्टरों के प्रतिनिधि मंडल ने की मुलाकात



जोहार छत्तीसगढ़- सारंगढ़ बिलाईगढ़।

कलेक्टर डॉ. फ रिहा आलम सिद्दीकी से जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के निजी डॉक्टरों के प्रतिनिधि मंडल ने सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने जिला प्रशासन को किसी भी प्रकार के चिकित्सा सहयोग के लिए सहमति दी। प्रतिनिधि मंडल में बरमकेला, सारंगढ़ और भटगांव के डॉक्टर शामिल थे।

# चेम्बर स्टॉल लगाकर रामनवमी शोभा यात्रा के श्रद्धालुओं की करेगी सेवा

जोहार छत्तीसगढ़- रायगढ़।

नगर में आमागी 30 मार्च को निकलने वाली रामनवमी शोभा यात्रा को भव्य बनाने के दृष्टि से छग चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील रामदास द्वारा चेम्बर के पदाधिकारियों व सदस्यों की गत 27 मार्च को हॉटल,कॉर्ड में बैठक बुलाई गयी थी। जिसमें सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि रायगढ़ चेम्बर द्वारा एसपी ऑफिस के बगल में स्टॉल गया जाएगा। जिसके माध्यम से शोभा यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं तक सेवा पहुंचाई जाएगी। शोभा यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं तक खाद्य व शीतल पेय पदार्थों की उपलब्धता के साथ-साथ वहां से गुजरने वाली शोभा यात्रा पर पुष्प वर्षा की व्यवस्था भी चेम्बर द्वारा की जाएगी। ज्ञात हो कि नगरवासियों के संयुक्त प्रयास से यह भव्य शोभा यात्रा निकाली जाती है। जिसमें रायगढ़ चेम्बर का यह प्रयास रहेगा कि गर्मी के कारण किसी व्यक्ति को कोई परेशानी न हो। इसी उद्देश्य के साथ व्यापारी बंधुओं की संस्था चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज द्वारा यह स्टॉल लगाया जाएगा। जिसके माध्यम से शोभा यात्रा में उपस्थित जन तक मिष्ठान, पेय पदार्थ आदि पहुंचाया जाएगा।



इस बैठक मे मुख्यरूप से प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील रामदास, प्रदेश मंत्री शक्ति अग्रवाल, मनोज बेरीवाल, दिलीप अग्रवाल, हितेश सोनालिया, अनिल गर्ग, राजेश अग्रवाल चेम्बर, दिनेश गर्ग, प्रदीप श्रृंगी, कैलाश गर्ग, सीबी शर्मा, आकाश गोयल, बजरंग अग्रवाल जूटमिल, आदि रायगढ़ चेम्बर के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। उक्त बैठक में चेम्बर के पदाधिकारी शक्ति अग्रवाल का जन्म दिवस भी उपस्थित सदस्यों और पदाधिकारियों द्वारा मनाया गया।

# बिल्हा विधानसभा अनुसूचित,पिछड़ा बाहुल्य लेकिन कांग्रेस ने सामान्य वर्ग को उतारने का खामियाजा भुगता था

* बिल्हा विधानसभा से राजेंद्र शुक्ला लगभग 27000 हजार वोट से हारे थे

जोहार छत्तीसगढ़- बिलासपुर।

बिलासपुर जिले की सबसे मजबूत और सबसे बड़ी विधानसभा बिल्हा हमेशा से सुर्खियों में रहा है उसका कारण हैं की यहां से भाजपा के कदावर नेता धरमलाल कौशिक लड़ते रहे हैं वर्तमान में भी बिल्हा विधानसभा से विधायक भी हैं और ये क्षेत्र अनुसूचित,ओबीसी बाहुल्य हैं जो चुनाव में एक निर्णायक भूमिका निभाते रहे हैं लेकिन पिछली विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस ने सामान्य वर्ग को टिकिट दिया था। जिसका खामियाजा कांग्रेस ने सीट गंवा कर चुकाया था अब फिर इस वर्ष विधानसभा चुनाव होने वाले



**सरकार ने चुनावी वर्ष में अपना खजाना का पिटारा खोल दिया और लगातार विकास के कार्यों को त्वज्जो दे रही**

क्या कांग्रेस सामान्य वर्ग पर अपना दांव खेलना चाहेगी की भाजपा की तरह ओबीसी को टिकिट देकर इस मजबूत विधानसभा को हासिल करने का प्रयास करेगी क्योंकि इस विधानसभा से कांग्रेस ने भी ओबीसी को टिकिट दिया था और इस विधानसभा से कांग्रेस का विधायक भी था।

## जातिगत समीकरण

बिल्हा विधानसभा सामान्य सीट होने के बाद भी अनुसूचित बाहुल्य सीट मानी जाती है। वहीं पिछड़ा वर्ग में कुर्मी, लोधी, साहू की अच्छी खासी बहुल्यता हैं। इसके अलावा सामान्य वर्ग एवं अन्य जाति के लोग भी यहां निवास करते हैं। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही कुछ चुनावों से यहां कुर्मी नेताओं पर दांव लगाती आ रही है। लेकिन इस बार दोनों पार्टियां साहू पर दांव खेल सके हैं। छत्तीसगढ़ में जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है वैसे-वैसे भूपेश बघेल की सरकार ने खजाना का पिटारा खोल दिया हैं। छत्तीसगढ़ ओबीसी बाहुल्य क्षेत्र है सरकार बनाने के लिए इस वर्ग का बहुत बड़ा योगदान हेमशा से रहा है इसलिए भूपेश की सरकार ने ओबीसी बाहुल्य क्षेत्रों पर ज्यादा ध्यान देना शुरू कर दिया हैं। भूपेश बघेल ने आने वाले चुनाव को देखते हुए अपनी पूरी तैयारी शुरू कर दी है और सरकार में बैठे मंत्रियों को भी अपने अपने क्षेत्र में दौरा करने को कह दिया हैं उसके साथ ही कार्यकर्ताओ को भी हाथ जोड़ो कार्यक्रम के माध्यम से जनता से सीधे जुड़ने को कह दिया हैं।

# हिंदू मुस्लिम में हुए विवाद को लेकर जिले के सभी दुकानें रही बंद

जोहार छत्तीसगढ़- सुकमा।

सोमवार की देर रात करीब 11 बजे हिंदू समाज के ययुवाओं के द्वारा राम मंदिर के सामने राम भगवान की पोस्टर लगा रहे थेए राम भगवान के पोस्टर के नीचले हिस्से में रामनगर लिखा हुआ था। जिस पर मुस्लिम समाज ने आपत्ति दर्ज की गई।

जिसके बाद यह विवाद बढ़ता गया और वहीं पुलिस बीच-बचाव करने पहुंची थी तो इस दौरान पुलिस ने हिंदू संगठन के युवाओं पर सख्ती बरती गई। जिसको लेकर हिंदू संगठन के द्वारा आपत्ति दर्ज करते हुए, दूसरे दिन मंगलवार को जिले भर के सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रखकर विरोध प्रदर्शन किया। वहीं पुलिस प्रशासन इस दौरान पूरे सुकमा जिला मुख्यालय में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए थे। वही सर्व हिंदू समाज के द्वारा इस घटना की आपत्ति दर्ज करते हुए राज्यपाल व कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञात हो कि इससे पूर्व पिछले दिनों की हिंदू संगठन के द्वारा बैनर लगाया जा रहा था इस दौरान मुस्लिम समाज के द्वारा आपत्ति दर्ज कराई थी। पुलिस प्रशासन और हिंदू संगठन के बीच गहमागहमी हुई। पुलिस के समझाईश के बाद हिन्दू राष्ट्र का बैनर को हटा दिया गया और इसकी जगह पर दूसरा बैनर लगाए गए। वही इस मामले को पुलिस प्रशासन के द्वारा हिंदू समाज को समझाईशा के बाद मामला शांत करवाया गया। इधर सोमवार रात 11 बजे हिंदू युवाओं के द्वारा राम मंदिर के सामने



भगवान का तस्वीर वाले पोस्टर लगा रहे थे। इस पोस्टर में रामनगर लिखा हुआ था। जिसकी वजह से मुस्लिम समाज के द्वारा विरोध किया गया। बढ़ता विवाद को देखते हुए दोनों पक्ष को शांत करवाया। वहीं इस बीच किसी बात को लेकर पुलिस के द्वारा हिंदू युवाओं सख्ती बरती गई। वहीं इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया में भी वायरल हुआ है। जिसमें पुलिस के द्वारा युवाओं पर सख्ती बरतने का वीडियो वायरल हुआ है। वही इस घटना के बाद पुलिस के द्वारा जिला मुख्यालय में जगह जगह पर तैनात की गई थी। इधर बैठक में दोनो समुदाय के प्रमुखों व



समाज प्रमुखों ने नगर में हो रहे विवाद को गलत ठहराया। साथ ही दोनो पक्षों को शांति बनाएं रखने की अपील की है। आने वाले रामनवमी को धूमधाम से मनाने और किसी भी प्रकार का विवाद ना करने की अपील की है। क्योंकि आज तक किसी भी प्रकार का धार्मिक विवाद नहीं हुआ है।

## राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन जताया विरोध

राज्यपाल व कलेक्टर के नाम हिन्दु संगठन के कार्यकर्ताओं पर हुए इस घटना की जांच कर कार्यवाही की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष्य में हिंदू संगठन सुकमा जिला के द्वारा सुकमा जिले में राम नवमी को देखते हुए नगर सजाने की तैयारी की जा रही थी। हिंदु संगठन के युवाओं के द्वारा वार्ड क्रं. 2 शहीद भगत सिंह वार्ड व वार्ड कंण् 5 में राम मंदिर के पास पोस्टर लगाया जा रहा था। राम भगवान से पोस्टर में श्रीराम नगर का भी उल्लेख किया गया था उक्त क्षेत्र में भगवान श्रीराम का मंदिर भी है और उक्त क्षेत्र राम नगर उपनाम से भी चलन में है। जिसका जिक्र अक्सर सीएसईबी कार्यालय के विज्ञापनों, भाजपा व अन्य व्यवसायिक संगठनों के द्वारा किया जाता है। उक्त राम भगवान के पोस्टर लगाने को लेकर मुस्लिम संगठन द्वारा हिंदु युवाओं का विरोध किया गया। लेकिन मामला शांत होने उपरांत पुलिस के हिंदु युवाओं सख्ती बरती गई। इस घटना को हिंदु संगठन इस कार्यवाही को दुर्भाग्यजनक बताया है।

## घटना की कड़ी निंदा जांच की मांग-धनीराम बारसे

भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे ने बताया कि संगठन के द्वारा रामनवमी को लेकर शहर को बैनर पोस्टरों से सजाने का कार्य किया जा रहा है। इसे पूर्व 25 मार्च को भी बैनर लगाने के दौरान विवाद हुआ था। जबकि पूरे देश में हिंदू राष्ट्र के नाम से बैनर लगाया गया। देश के अंदर किसी भी प्रदेश व जिले में इस को लेकर विरोध नहीं किया जा रहा है। ऐसे ही बैनर के लिए सुकमा में आपत्ति दर्ज की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है।

*वही यह राजनीति साजिश है जिसकी वजह से मामला बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि सोमवार की रात को युवा रामनवमी की तैयारी को लेकर राम भगवान की पोस्टर राम मंदिर के सामने लगा रहे थे। इस दौरान मुस्लिम संगठन के द्वारा आपत्ति दर्ज कराई गई। जिसके बाद पुलिस के द्वारा हिंदू युवाओं का लाठी बरसाई गई है। वहीं उन्होंने कहा कि इस घटना की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही इस पर कोई कार्रवाई नहीं होने की स्थिति पर पूरे बस्तर संभाग से सहित छत्तीसगढ़ बंद का आह्वान भाजपा के द्वारा करने की बात कही।*

## रिया कपूर ने शुरू की द क्रू की शूटिंग



निर्माता रिया कपूर ने अपनी मां सुनीता कपूर के जन्मदिन पर शेयर किया कि वह अपनी अगली फिल्म द क्रू की शूटिंग शुरू कर रही हैं। रिया ने इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें शेयर की। पहली तस्वीर में फिल्म का क्लैप बोर्ड है, जबकि दूसरी में उनकी मां की तस्वीर है।

कैप्शन के लिए, रिया ने लिखा- क्या यह वास्तविक जीवन है, डे 1. जन्मदिन मुबारक हो मां, मैं तुम्हारे बिना यहां तक नहीं पहुंच सकती! मैं तुमसे प्यार करती हूं! फिल्म में तब्बू, करीना कपूर खान और कृति सेनन हैं। करीना ने कमेंट सेक्शन में लिखा, करीना कपूर खान- सो रेडी माय गर्ल लव यू माय रिया। कहानी तीन महिलाओं की है, जो जीवन के साथ आगे बढ़ने के लिए काम करती हैं।

## शिमरी ब्लैक आउटफिट में निक्की तंबोली लगीं बला की खूबसूरत



### ऊपर से नीचे तक निहारते रह जाएंगे आप

**बिग बॉस फेम निक्की तंबोली हमेशा सोशल मीडिया पर अपनी ग्लैमरस और स्टाइलिश लुक्स से फैंस को अपने हुस्न का कायल कर देती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट सुपबोल्ड फोटोज फैंस के बीच शेयर की हैं जिसमें उनकी हॉटनेस देख कर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं। एक्ट्रेस निक्की तंबोली आए दिन अपनी बोल्ड अदाओं से इंटरनेट का तापमान बढ़ाने में लगी रहती हैं।**

हाल ही में एक्ट्रेस निक्की तंबोली ने अपने शिमरी आउटफिट लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं जो तेजी से वायरल हो रही हैं। निक्की तंबोली ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान ब्लैक कलर की सिजलिंग ड्रेस पहनी हुई है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस ने काफी डीपनेक ब्लैक ब्लाउज पहना हुआ है और साथ ही थाई स्लिट स्कर्ट पहनी हुई है। ओपन हेयर और न्यूड मेकअप लुक कर के निक्की तंबोली ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। हाई हील्स पहन कर एक्ट्रेस ने कैमरे के सामने अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करते हुए एक से बढ़कर एक सेक्सी पोज दिए हैं। निक्की तंबोली जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं। बता दें कि एक्ट्रेस की इन तस्वीरों पर भी यूजर्स अमेजिंग, हॉट, टू हॉट टू हेंडल, सुपर गॉर्जियस जैसे कॉमेंट्स कर रहे हैं।

## पंजाबी फिल्म हनीमून की शूटिंग के कारण नहीं कर पाई विक्रम भट्ट की फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू:जैस्मिन भसीन



**टीवी अभिनेत्री जैस्मिन भसीन के बॉलीवुड डेब्यू की लंबे समय से चर्चा हो रही है। रिपोर्ट्स में कहा गया था कि जैस्मिन विक्रम भट्ट की एक फिल्म से डेब्यू करने जा रही हैं। इसके बाद इस फिल्म के बारे में कोई अपडेट नहीं आया। अब एक इंटरव्यू में जैस्मिन ने खुद पुष्टि की है कि वह वि म भट्ट की एक फिल्म करने वाली थीं, जिसको महेश भट्ट ने लिखा था। उन्होंने फिल्म छोड़ने की वजह भी बताई है।**

उन्होंने कहा, हां मैं एक फिल्म करने वाली थी जिसका निर्माण विक्रम भट्ट की प्रोडक्शन कंपनी कर रही थी। इसे महेश भट्ट ने लिखा था और विक्रम भट्ट के एक सहयोगी इसका निर्देशन करने वाले थे। तब मैं हनीमून की शूटिंग कर रही थी और फिल्म को टालना पड़ा। हम ऐसे बिंदु पर पहुंच गए जहां मेरे पास समय नहीं था और फिल्म की शूटिंग शुरू करनी थी।

जैस्मिन ने बताया कि इसकी वजह से उनके और विक्रम के बीच कोई कड़वाहट नहीं है। उन्होंने विक्रम से माफी मांगी थी और उन्होंने जैस्मिन की बात समझी। दोनों ने आपसी सहमति से तय किया कि अगर चीजें नहीं बन पा रही हैं, तो इसे छोड़ देना ही बेहतर है। जैस्मिन ने आगे कहा, दुर्भाग्य से मैं यह फिल्म नहीं कर रही हूं, लेकिन मैं इस मौके के लिए विक्रम सर को धन्यवाद देती हूं। जैस्मिन ने गिप्पी ग्रेवाल के साथ पंजाबी फिल्म हनीमून में काम किया है।

अब उन्हें अपने बॉलीवुड डेब्यू का इंतजार है। वह इसके लिए काफी मेहनत कर रही हैं। उन्होंने कहा, मैं हर वो ऑडिशन दे रही हूं, जिसके लिए मुझे बुलाया जा रहा है। मैं अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ रही हूं। मेरा हौसला और उम्मीदें बरकरार हैं। यह मेरा सपना है और मैं अपने सपनों को पूरा करने में विश्वास रखती हूं।

जैस्मिन टीवी की लोकप्रिय अभिनेत्री हैं। उन्होंने बतौर मॉडल अपने करियर की शुरुआत की थी। 2015 में उन्हें टशन-ए-इश्क से ब्रेक मिला। वह दिल से दिल तक में भी नजर आ चुकी हैं। नागिन 4 ने उन्हें काफी लोकप्रियता दिलाई।

## रोहित शेट्टी ने किया अपनी पहली मराठी फिल्म स्कूल कॉलेज एनी लाइफ का ऐलान, ट्रेलर रिलीज




**बॉ** लीवुड के मशहूर फिल्म निर्माता-निर्देशक रोहित शेट्टी अब मराठी सिनेमा में अपनी धाक जमाने को तैयार हैं। वह मराठी फिल्म स्कूल कॉलेज आणि लाइफ के जरिए मराठी इंडस्ट्री में डेब्यू करने जा रहे हैं। बता दें कि रोहित इस फिल्म के प्रोड्यूसर हैं। विहान सूर्यवंशी के निर्देशन में बनी इस फिल्म का ट्रेलर जारी हो गया है।

बता दें कि इस फिल्म में तेजस्वी प्रकाश और करण परब लीड रोल में हैं। यह फैमिली एंटरटेनर फिल्म बताई जा रही है। जैसा कि नाम से ही साफ है कि यह फिल्म स्कूल-कॉलेज की लाइफ पर आधारित है। फिल्म का ट्रेलर काफी दिलचस्प है। इसे देखकर आपको भी अपने स्कूल और कॉलेज वाले दिन याद हो आएंगे। स्कूल की लाइफ में मस्ती और पढ़ाई के अलावा युवा किन चुनौतियों से गुजरते हैं यह ट्रेलर में दिखाया गया है।

ट्रेलर की शुरुआत स्कूल के दृश्य से होती है। क्लास में बैठकर बच्चे शरारत और मस्ती करते नजर आ रहे हैं। इसके बाद कॉलेज की लाइफ है और एक कॉलेज वाली लव स्टोरी भी है। यह लव स्टोरी किस मोड़ पर जाती है, आप ट्रेलर में देख सकते हैं। ट्रेलर में तेजस्वी प्रकाश को रोमांटिक अंदाज दिखाया गया है।

## सलमान खान के किसी का भाई किसी की जान का प्लॉट हुआ लीक, ऐसी होगी फिल्म




**स** लमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान काफी समय से चर्चा में है। सलमान के प्रशंसक इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। खासकर, फिल्म से सलमान का लुक सामने आने के बाद उनके प्रशंसकों की बेसब्री और बढ़ गई। अब तक रिलीज हुए फिल्म के गानों को भी अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। फिल्म को लेकर तरह-तरह की बातें सामने आती रहती हैं। अब फिल्म के प्लॉट के बारे में नई जानकारी सामने आई है।

रिपोर्ट के अनुसार फिल्म के प्लॉट का खुलासा हो गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म उत्तर भारत और दक्षिण भारत की पृष्ठभूमि पर आधारित है। फिल्म में दोनों ही क्षेत्रों के आधुनिक और पारंपरिक रंगों को दिखाया जाएगा। फिल्म 4 भाइयों की कहानी है, जिनमें सलमान का किरदार सबसे बड़ा भाई है। यह किरदार अपने परिवार को सुरक्षित रखने के साथ ही समाज को अपराध मुक्त बनाने के लिए समर्पित है।


फिल्म का रोमांटिक गाना नइयो लगदा प्रशंसकों ने काफी पसंद किया है, लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि फिल्म में सलमान का किरदार प्यार में विश्वास नहीं करता है। इसी कारण उसके भाई उसके पास एक ऐसी लड़की को भेज देते हैं, जो उसके पुराने प्यार के जैसी लगती है। इसके बाद किरदारों के बारे में दिलचस्प खुलासे होते हैं और ऐसी घटनाएं होती हैं कि फिल्म भारत के अलग-अलग हिस्सों में ले चलती है।

# खेल

### IPL के बॉलिंग लीजेंड्स

## टॉप-10 में 7 भारतीय, हर 17 बॉल में विकेट लेते हैं चहल; अमित मिश्रा के नाम 3 हैट्रिक

**इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) का 16वां सीजन 31 मार्च से शुरू हो रहा है। गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।**




10 टीमें 59 दिनों तक IPL टाइटल जीतने के लिए दम-खम लगाएंगी। आज IPL की स्पेशल स्टोरी में हम टीमों को चैंपियन बनाने वाले टॉप-10 गेंदबाजों के बारे में जानेंगे। वे बॉलर्स जिन्होंने टूर्नामेंट इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेकर विपक्षी बैटिंग लाइन-अप की कमर तोड़ी और अपनी टीमों को कई मैच जिताए। इनमें भारत के अमित मिश्रा, युजवेंद्र चहल से लेकर वेस्टइंडीज के ड्वेन ब्रावो और श्रीलंका के लसिथ मलिंगा तक शामिल हैं।

वेस्टइंडीज के बॉलिंग ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो को मैन विद द गोल्डन आर्म कहा जाता है। क्योंकि वे अपनी टीम को जरूरत के समय ब्रेक दिलाते हैं। IPL के 161 मैचों में उनके नाम सबसे ज्यादा 183 विकेट हैं। इन मैचों में उन्होंने 39.3% डॉट बॉल फेंकी। स्लोअर बॉल फेंकने में माहिर ब्रावो हर 17वीं बॉल और 24 रन देने में एक विकेट लेते हैं। ब्रावो संन्यास ले चुके हैं और इस सीजन में IPL खेलते नजर नहीं आएंगे।

श्रीलंकाई लीजेंड लसिथ मलिंगा का साइड आर्म बॉलिंग एक्शन, लगातार यॉर्कर और स्लोअर बॉल फेंकने की क्षमता उन्हें दुनिया के सबसे खतरनाक टी-20 बॉलर्स में से एक बनाती है। 122 मैचों में 170 विकेट लेने वाले मलिंगा ने अपने IPL करियर में 48% गेंदें डॉट कराईं। 7.14 के बेहतरीन इकोनॉमी रेट के साथ उन्होंने हर 20वीं बॉल पर एक विकेट लिया है। कई बार डेथ ओवर्स में गेंदबाजी करते हुए अपनी टीम को मैच जिताए हैं। मलिंगा रिटायर हो चुके हैं और अब अपनी एकमात्र IPL टीम मुंबई इंडियंस में बॉलर्स को कोचिंग देते हैं।




### एक नजर

### MI की WPL टाइटल जीत पर खिलाड़ियों के रिएक्शन

## हरभजन सिंह बोले- आली रे एक और ट्रॉफी; सचिन ने कहा- मुंबई रॉक्स




विमेंस प्रीमियर लीग (WPL) का फाइनल मुकाबला रविवार को ब्रेबोर्न स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला गया। फाइनल मैच में मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 7 विकेट से हरा दिया। मुंबई इंडियंस ने पहली विमेंस प्रीमियर लीग (WPL) का खिताब जीत लिया है। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी दिल्ली ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 131 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने 19.3 ओवर में टारगेट हासिल कर लिया। एक तरफ जहां मुंबई इंडियंस की इस जीत की चर्चा हर जगह हो रही है तो वहीं सोशल मीडिया पर लगातार बधाइयों का तांता लगा हुआ है। मुंबई की इस जीत पर सचिन तेंदुलकर, युवराज सिंह, चेतेश्वर पुजारा और हरभजन सिंह ने भी मुंबई इंडियंस को ट्वीट करके बधाई दी है। आगे स्टोरी में हम मुंबई की जीत पर खिलाड़ियों के सोशल मीडिया रिएक्शन को देखेंगे।

### BCCI के आगे झुकी ICC

## इंदौर की पिच को दी थी खराब रेटिंग, अब इसे बदला, यहां हुआ था भारत-ऑस्ट्रेलिया तीसरा टेस्ट



भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट मैच इंदौर के होलकर स्टेडियम में खेला गया था। यह मैच तीसरे दिन ही खत्म हो गया था। इसके बाद इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने स्टेडियम की पिच को 'Poor' यानी खराब रेटिंग दी थी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (BCCI) ने इस फैसले के खिलाफ ICC से अपील की थी। अब ICC ने पिच की रेटिंग बदल दी है।

ICC ने होलकर स्टेडियम की पिच की रेटिंग खराब से बदलकर 'Below Average' यानी औसत से कम कर दिया है। होलकर स्टेडियम को ICC ने तीन डिमेरिट पॉइंट्स दिए थे। तीन डिमेरिट पॉइंट की जगह अब ग्राउंड को सिर्फ एक डिमेरिट पॉइंट मिला है। टेस्ट मैच के फुटेज की समीक्षा ICC के अपील पैनल द्वारा की गई, जिसमें ICC के जनरल मैनेजर वसीम खान और ICC मेन्स क्रिकेट कमेटी के सदस्य शामिल थे।

### एक साल के लिए बैन लगने का था खतरा

*मैच रेफरी क्रिस ब्रॉड ने तीसरे टेस्ट के बाद अपनी रिपोर्ट में लिखा था कि पिच पहले दिन से उखड़ने लगी और लगातार खराब होती चली गई। उन्होंने पिच को खराब रेटिंग दी थी। साथ ही होलकर स्टेडियम को 3 डिमेरिट पॉइंट दिए गए थे। अगर 5 साल के अंदर किसी स्टेडियम को 5 डिमेरिट पॉइंट्स मिलते हैं तो उस स्टेडियम को एक साल के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट की मेजबानी से बैन कर दिया जाता है।*

### नीतीश राणा बने **KKR** के कप्तान

## टीम ने किया ऐलान, चोटिल अय्यर की जगह संभालेंगे जिम्मेदारी

कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) की टीम ने आईपीएल 2023 के लिए अपने नए कप्तान का ऐलान कर दिया है। इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के आगामी सीजन के लिए नीतीश राणा को टीम की कमान सौंपी गई है। कोलकाता के नियमित कप्तान श्रेयस अय्यर फिलहाल बैक इंजरी से जूझ रहे हैं और IPL 2023 के पूरे सीजन से बाहर हो सकते हैं। हालांकि, कोलकाता नाइट राइडर्स ने उम्मीद जताई कि श्रेयस आईपीएल 2023 में कुछ मैचों के लिए जरूर उपलब्ध रहेंगे। IPL 2023 में KKR अपना पहला मुकाबला 1 अप्रैल को पंजाब किंग्स के खिलाफ खेलेगा।




### IPL फ्रेंचाइजी KKR ने नीतीश को 8 करोड़ रुपए में खरीदा

नीतीश राणा 2018 से कोलकाता नाइट राइडर्स से जुड़े हैं। IPL 2023 मेगा ऑक्शन में KKR ने नीतीश राणा को 8 करोड़ रुपए में खरीदा था। भारत के लिए एक वनडे और 2 टी20 मैच खेल चुके राणा ने अब तक 91 आईपीएल मैचों में 2181 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका औसत 28.32 और स्ट्राइक रेट 134.22 का रहा है। उन्होंने IPL में 15 अर्धशतक लगाए हैं।

### सीनियर राष्ट्रीय तलवारबाजी

## भवानी देवी ने स्वर्ण जीता

**पुणे** । ओलंपियन भवानी देवी ने 33वीं सीनियर राष्ट्रीय तलवारबाजी चैम्पियनशिप में महिलाओं के व्यक्तिगत साबरे वर्ग में स्वर्ण पदक जीता । भवानी की टीम तमिलनाडु ने महिलाओं के टीम वर्ग में भी केरल को 45 . 34 से हराकर स्वर्ण पदक जीता ।



महिलाओं के व्यक्तिगत वर्ग में भवानी देवी ने केरल की वी सन्नी अलका को 15 . 9 से हराकर स्वर्ण पदक जीता । इससे पहले उन्होंने पंजाब की जगमीत कौर को 15 . 11 से हराया था जबकि वी सन्नी अलका ने हरियाणा की आखिरी को 15 . 9 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी । सीनियर महिला फॉइल वर्ग में केरल की राधिका अवाती ने स्वर्ण पदक जीता । पुरूषों के फॉइल वर्ग में मणिपुर के हेमाश सनासम ने एसएससीबी के इस्माइल खान को 13 . 12 से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया ।

# मेगा स्वास्थ्य कैम्प में ईलाज हेतु शहरी एवं दूरस्थ वनांचलों, पहाड़ी क्षेत्रों के लोगों की उमड़ी भीड़

## शिविर में चिकित्सकों द्वारा आमजनों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर पहुंचाया गया राहत

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।





जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आज जिला चिकित्सालय में मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। शिविर में रायपुर एम्स संस्थान के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा आमजनों को राहत पहुंचाया गया। शिविर को लेकर आमजनों में भी भारी उत्साह देखने को मिला। जिले के शहरी क्षेत्र के साथ ही दूरस्थ, पहाड़ी क्षेत्रों, वनांचलों से लोगों की भीड़ स्वास्थ्य शिविर का लाभ लेने पहुँचे थे। जिला प्रशासन द्वारा लोगों की सुविधाओं हेतु पूर्ण व्यवस्था की गई थी। जिसमें उनके आवागमन के साथ ही खाने पीने की व्यवस्था शामिल है। प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा लोगों को आवश्यक जानकारी के साथ ही उचित मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। स्वास्थ्य शिविर का लाभ लेने आए बगीचा के पंडरापाठ के रहने वाले राजू प्रसाद यादव ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया की शिविर में आकर उन्हें स्वास्थ्य लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि आमजनों को अनुभवी डॉक्टरों के माध्यम से नि:शुल्क स्वास्थ्य लाभ दिलाना प्रशासन की सराहनीय कार्य है। जिस बीमारी का ईलाज कराने ग्रामीण जिले के बाहर उच्च स्वास्थ्य संस्थानों में जाते है, वहां के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा लोगों का शिविर में ईलाज किया जा रहा है। यह बड़ी प्रसन्नता की बात है। राजू ने बताया कि वे यहां अपने कान व गला ईलाज कराने आए थे। जिसका विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा जांच किया गया। उनसे उनकी समस्या के संबंध में डॉक्टरों द्वारा पूरी जानकारी ली गई। तत्पश्चात दवाई के साथ ही उन्हें आवश्यक सलाह प्रदान किया गया। जिससे उन्हें राहत मिला है। उन्होंने बताया कि पंडरापाठ से स्वास्थ्य शिविर में आने हेतु प्रशासन द्वारा आवागमन की व्यवस्था की गई थी। साथ ही यहां सभी के लिए भोजन की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

इसी प्रकार पत्थलगांव की ललिता चौहान ने बताया कि वे अपनी बेटी के पैर का ईलाज कराने शिविर में आई थी। जहां अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा उनकी बच्ची के पैर का गंभीरता से जांच किया गया। उन्होंने बताया कि वे काफ ी दूर से अपनी बच्ची के पैर के सही इलाज के लिए शिविर में आई है। डॉक्टरों द्वारा उनकी समस्या को संवेदनशीलता से लेकर पूर्ण जांच किया गया। एक्स. रे के साथ ही आवश्यक टेस्ट कर उनकी गुड़िया को पूरा ईलाज किया गया है। जिससे उनकी बेटी को आराम मिल है। जांच के बाद उन्हें दवाई के साथ आवश्यक परामर्श भी प्रदान किया।

बासनताला पंचायत की सायरा बेगम ने भी शिविर से मिले स्वास्थ्य लाभ के प्रति संतोष व्यक्त करते हुए कहा की वे यहां अपने पेट दर्द की समस्या का ईलाज कराने आई थी। डॉक्टरों द्वारा उनकी बीमारी की गहनता से जांच कर उन्हें उचित परामर्श व दवाइयां दी गई है। साथ ही उन्हें खानपान में परहेज रखने की समझाइश भी दी गई है। उन्होंने बताया कि शिविर में आमजनों को स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है। यह प्रशासन का प्रशंसनीय कार्य है।शिविर में आए सभी लोगों ने प्रशासन के इस कार्य की खूब प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य लाभ मिलने से लोगों को आराम मिलता है। शिविर में उच्च स्वास्थ्य संस्थान से आए अनुभवी डॉक्टरों द्वारा लोगों की परेशानियों को गंभीरता से सुनकर उनका इलाज कर रहे है। साथ ही उनके द्वारा मरीजों को उचित सलाह दी जा रही है। जिससे लोगों को राहत पहुँच रहा है। सभी ने प्रशासन के इस सराहनीय कार्य के लिए आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के बयान से भड़का गुजराती समाज, कोरबा सहित देशभर में आक्रोश

## एफआईआर दर्ज कराने की मांग को लेकर एसपी को सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।



बिहार राज्य के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव द्वारा मीडिया को दिए गए बयान में गुजरातीजनों पर की गई अमर्यादित टिप्पणी को लेकर देशभर के गुजराती समाज के लोगों में आक्रोश भड़क उठा है। छत्तीसगढ़ राज्य के कई जिलों में गुजराती समाज के पदाधिकारियों ने तेजस्वी यादव के बयान की निंदा करते हुए उन पर एफआईआर दर्ज कराने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। इसी कड़ी में गुजराती समाज कोरबा के पदाधिकारियों ने बिहार राज्य के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के बयान की निंदा करते हुए समाज के लोगों की जनभावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला बताया है। समाज के अध्यक्ष नलिन भाई शाह ने कहा कि बिहार राज्य के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने राजनैतिक उद्देश्यों से सभी गुजरातीजनों पर एक अमर्यादित टिप्पणी की गई। कि भारत में सिर्फ गुजराती ही ठग हो सकते है। जो की संपूर्ण भारत में निवास करने वाले गुजरातियों की भावनाओं को आहत करने वाला है। उनके इस बयान से गुजराती जन की भावनाओं को ठेस पहुंची है। गुजराती समाज कोरबा के पदाधिकारियों ने बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के बयान की निंदा करते हुए उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उचित कार्यवाही की मांग को लेकर मंगलवार को कोरबा पुलिस अधीक्षक के नाम का ज्ञापन सीएसईबी पुलिस सहायता केन्द्र प्रभारी को सौंपा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान गुजराती समाज के अध्यक्ष नलिन शाह, उपाध्यक्ष पियूष राठौड सचिव अतुल चौहान, कोषाध्यक्ष तुषार चौहान, भरत मकवाना, संजय चौहान, अरविंद पटेल, प्रकाश पटेल, आकाश मकवाना, प्रतीक मकवाना, जितेन्द्र व्यास, चिराग चौहान सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।



# 43 कृषि सेवा केन्द्रों के संचालकों को एक वर्षीय डिप्लोमा प्रमाण पत्र किया गया वितरित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



इंदिरा गांधी कृषि विश्व विद्यालय रायपुर, अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र, रायगढ़ में वर्ष 2021-22 में अध्ययनरत एक वर्षीय डिप्लोमा में 43 कृषि सेवा केन्द्रों के संचालकों को कृषि विज्ञान केंद्र के सभागार में जिले के उपसंचालक कृषि अनिल कुमार वर्मा, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉ. अजीत कुमार सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ.बीरबल सिंह राजपूत के मुख्य आतिथ्य में प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। यह कार्यक्रम केंद्र के वैज्ञानिक डॉ.के.के.पैंकरा के नेतृत्व में सभी वैज्ञानिकों में डॉ.मनीषा चौधरी,डॉ.के.डी महंत, डॉ.सविता आदित्य, डॉ.सोलंकी, डॉ.नानक बंजारा, डॉ पटेल, इंजीनियर आशुतोष, डॉ.मनोज साहू एवं अन्य स्टॉफ के सहयोग में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन वैज्ञानिक डॉ.के.डी.महंत ने किया।

# कलेक्टर लंगेह ने नाबार्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 संभाव्यता युक्त ऋण योजना पुस्तिका का किया विमोचन

## केसीसी हेतु प्राथमिकता के साथ निरंतर रूप से आयोजित हो शिविर, किसानों को मिले लाभ-कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में नाबार्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 संभाव्यता युक्त ऋ ण योजना पुस्तिका का विमोचन किया। इसके साथ जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति डीएलआरसी एवं जिला स्तरीय स्तरीय सलाहकार समिति डीएलसीसी की बैठक भी आयोजित की गई । बैठक में कलेक्टर लंगेह ने कृषि विभाग के उप संचालक से जिले किसान क्रेडिट कार्ड की जानकारी ली। उन्होंने प्राथमिकता के साथ शिविर आयोजित कर केसीसी हेतु छूटे किसानों को लाभ दिलाए जाने के निर्देश दिए। डीएलआरसी बैठक में पिछली बैठक की कार्यवाही, वार्षिक साख की कार्यवाही की पुष्टि, वार्षिक साख योजना की उपलब्धि की समीक्षा,विभिन्न शासकीय योजनाओं जैसे एनयूएलएम, एमएमव्हाय,सव्हाय, पीएमईजीपी, अन्त्यव्यवसायी अंत्योदय, आदिवासी स्वरोजगार योजना की समीक्षा की गई। इसके साथ ही प्रधानमंत्री जनधन योजना सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की समीक्षा। किसान क्रेडिट कार्ड केसीसी योजनान्र्तगत पशुपालन, मत्स्यपालन एवं फ सल बीमा योजना पर चर्चा की गई। डीएलसीसी की बैठक के दौरान विभिन्न बैंको के जमा अग्रिम एवं सीडी रेशियो पर चर्चा तथा वार्षिक साख योजना की उपलब्धि की समीक्षा की गई। इस दौरान ग्रामीण शाखा द्वारा आयोजित वित्तीय साक्षरता शिविर की समीक्षाए डिजीटल पेमेन्ट को बढ़ावा देने हेतु किये जाने वाले प्रयासों, सेन्ट्रल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के सम्बंध में विस्तृत चर्चा की गई।




### डीएलआरसी एवं डीएलसीसी की बैठक सम्पन्न

## एक नजर

### सफलता की कहानी


# रीना एक्का को मिला आधे घंटे के अंदर ही स्थायी जाति प्रमाण पत्र

* कलेक्टर ने तत्काल संज्ञान में लेकर बनवाया जाति प्रमाण पत्र

रीना ने कलेक्टर और जिला प्रशासन को दिया धन्यवाद

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने कांसाबेल विकासखण्ड के बैगाअम्बा निवासी रीना एक्का का तत्काल स्थायी जाति प्रमाण पत्र आधे घंटे के अंदर बनवाकर दे दिया छात्रा रीना एक्का ने खुशी जाहिर करते हुए जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हुआ कहा की बीएससी नर्सिंग का फार्म भरने के लिए स्थायी जाति प्रमाण पत्र की आवश्यकता थी। कांसाबेल विकासखंड के लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से स्थायी जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया गया था। और कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल से मिलकर स्थायी जाति प्रमाण पत्र बनवाने का आग्रह किया गया था। जिस पर उन्हें आधे घंटे के अंदर ही स्थायी जाति प्रमाण पत्र बनाकर दे दिया।



# निर्माणाधीन तीन मंजिला मकान की छत से गिरने से एक मजदूर की मौत एक घायल

**बालोद** । शहर के सदर बाजार के पास एक निर्माणाधीन मकान में हादसा हो गया। इसमें तीन मंजिल से 2 मजदूर गिर गए। जिसमें एक की मौके पर ही मौत हो गई और एक को घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सदर बाजार के प्रवेश के पहले रामदेव चौक के पास एक मकान निर्माण के दौरान तीसरी मंजिल से दो मजदूर गिर गए। बताया जाता है कि निर्माण स्थल पर बांस बल्ली लगा हुआ था। जिसमें से दोनों चढ़कर काम कर रहे थे। अचानक बॉस टूट गया और दोनों नीचे गिर गए हैं। घटना के बाद दोनों को एक संस्था के एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। घटना सोमवार सुबह 10 से 11 बजे के बीच की है । निर्माणाधीन मकान नेमीचंद ढेलडिया का और घायल मजदूर तरौद के रहने वाले बताए जा रहें हैं। जिसमें से एक की हालत ज्यादा गंभीर है। दोनो मकान में टावर निर्माण करने ऊपर बांस बल्ली बांधकर ईट जोड़ने का काम कर रहे थे। इस दौरान बल्ली टूट गई और ये हादसा हो गया। दोनो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# सर्वाधिक 75 फीसदी भरा है केलो डेम, नहरों का काम पूरा हो तो गांवों तक पहुंचेगा पानी

## नहरों का काम 80 प्रतिशत पूरा, शेष काम पूरा करने जुटा सिंचाई विभाग

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

केलो बांध का निर्माण इस उद्देश्य से किया गया था कि बारिश के प्राकृतिक जल को यहां स्टोर किया जा सके और आवश्यकतानुसार नहरों के माध्यम से गांवों तक पहुंचाया जा सके। केलो बांध में आज जिले के दूसरे बांधों के मुकाबले सर्वाधिक 75 फीसदी पानी भरा है किंतु नहरों का काम पूरा नहीं हो पाने के कारण बहुत से गांवों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। सिंचाई विभाग से मिले आंकड़ों के आधार पर जिले के बांधों को देखे तो केडार बांध में 54.47 प्रतिशत, पुटका में 52.35 प्रतिशत और सारंगढ़ के किंकारी में 25.80 प्रतिशत और केलो बांध में 75.29 प्रतिशत पानी भरा हुआ है। इस लिहाज से अभी जिले में सबसे अधिक पानी केलो बांध में ही भंडारित है। ईई केलो परियोजना पी.आर.फुलेकर ने बताया कि केलो बांध की जल भंडारण क्षमता 61.95 मिलियन क्यूबिक मीटर है। वर्तमान में केलो में 46.64 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी है। उन्होंने बताया कि केलो परियोजना में नहरों का काम 80 फीसदी हो चुका है। लेकिन 20 प्रतिशत नहरों का काम शेष होने के कारण कई गांवों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। इनमें कई छोटे-छोटे पैच के काम शेष है। परियोजना में अब युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है जिससे नहर निर्माण का कार्य जल्द पूरा हो और लाभान्वित होने वाले गांवों तक पानी पहुंचे। गौरतलब है कि परियोजना में कुल 313 किमी लंबाई के नहर बनाने है। जिसमें से 248 कि.मी. लंबाई की नहरें बनाई जा चुकी हैं।

# आईटीआई प्रशिक्षण संस्था में तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।




तंबाखू सेवन के दुष्प्रभाव के बारे में छात्र-छात्राओं को किया जागरूक। शास.आई टी आई कालेज सक्ती मे सामु.स्वा.केंद्र सक्ती द्वारा राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुरज सिंह राठौर एवं डीपीएम अर्चना तिवारी, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन के सिदार के निर्देशानुसार एवं मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं को तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे दंत चिकित्सा डॉ. प्रिया एक्का एवं दन्त चिकित्सा सहायक शिव पटेल द्वारा तंबाकू सेवन से होने वाले नुकसान एवं कोटपा एक्ट 2003 की धाराओं के बारे मे बताया गया।बड़ी संख्या में कालेज के छात्र-छात्रा एवं स्टाफ उपस्थित थे।।

# निर्माण कार्यों को माह जून तक पूरा करने के निर्देश

**कांकेर** । कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला की अध्यक्षता एवं संसदीय सचिव श्री शिशुपाल शोरी की विशेष उपस्थिति में आज जिला कार्यालय में बैठक आयोजित कर निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई तथा निर्माण कार्यों को जून माह तक पूरा करने के लिए निर्देशित किया गया। ऐसे कार्य जिनमें प्रशासकीय स्वीकृति सहित अन्य स्वीकृतियां प्राप्त की जानी है, उनमें त्वरित कार्यवाही करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये गये। बैठक में कांकेर शहर के सड़क चौड़ीकरण कार्य की भी समीक्षा की गई तथा उसमें प्रगति के संबंध में प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता को निर्देश दिये गये।

# प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 29 तक

**कांकेर** । प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में कक्षा 09 वीं में प्रवेश के लिए फार्म भरने की अंतिम तिथि 29 मार्च की रात्रि 12 बजे तक निर्धारित की गई है, आवेदन पत्र ऑनलाइन भरना होगा। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त से मिली जानकारी के अनुसार प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 30 अप्रैल दिन रविवार को प्रात: 11 से दोपहर 02 बजे तक आयोजित की जायेगी।

# कैबिनेट मंत्री ने किया सीसी सड़क, स्ट्रीट, लाइट और रंगमंच का लोकार्पण

## शीतला माता मंदिर में पूजा अर्चना कर सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की

जोहार छत्तीसगढ़-दोरनापाल।




कैबिनेट मंत्री कवासी लखमा सुकमा प्रवास के दौरान नगर पंचायत दोरनापाल में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां उन्होंने दोरनापाल से शबरी नदी तक सीसी सड़क पहुंच मार्ग और दोरनापाल में वार्ड क्रमांक 04 में रंगमंच निर्माण कार्य का लोकार्पण किया।

जिसमें 89.98 लाख की लागत से निर्मित दोरनापाल से शबरी नदी तक पहुंच मार्ग नगर में स्ट्रीट लाईट लागत 1 करोड 8 लाख और वार्ड क्रमांक 4 में 4 लाख की लागत से निर्मित रंगमंच का कार्य शामिल है। कैबिनेट मंत्री लखमा ने इस लोकार्पण के अवसर पर मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से 19 लोगों को 1 लाख 65 हजार का चेक वितरण किया। साथ ही उन्होंने नजूल भूमि का पट्टा वितरण कर हितग्राहियों को लाभांवित किया। मंत्री लखमा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने लोगों तक योजनाओं के पहुंच को आसान बनाया है। साथ ही प्रदेश सरकार प्रदेशवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, बिजली, सड़क जैसी मूलभूत सूविधाएं मुहैया कराने के लिए संकल्पित हैं। जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार कर रही हैए इसी का परिणाम है कि संवेदनशील क्षेत्रों में भी गर्भवती महिलाओं को प्रसव सुविधा के साथ ही आमजनों को भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल रही है। साथ ही क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं के विकास के तहत् सड़क, पुल-पुलिया, स्कूल भवन, आंगनबाड़ी भवन, सोसायटी भवनों का निर्माण कर रही है। उन्होंने कहा की राज्य छत्तीसगढ़ ओलपिंक खेल वर्ष 2022-23 के तहत् आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गिल्ली डंडा, लंगड़ी दौड़, पिट्ठूल खेलों के विजेताओं को पुरस्कार एवं राजीव युवा मितान क्लब योजना अंतर्गत द्वितीय किश्त का वितरण किया।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ओलंपिक खेल हेतु विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण राशि कुल 47.44 लाख रुपये और जिले के 162 मितान क्लब योजनांतर्गत द्वितीय किश्त 40.50 लाख रुपये प्रदान किया गया। आगामी माह में आयकर से मुक्त परिवार जिनके सदस्य किसी शासकीय या अर्धशासकीय सेवा में नहीं है उनके बच्चों को 12 वीं उत्तीर्ण होने पर प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसी के साथ ही उन्होंने बेरोजगारों को प्रदान की जाने वाली बेरोजगार भत्ताए तेंदुपत्ता बोनस राशि, धान खरीदी, गोबर खरीदी, मिलेट फ सलों का भी उल्लेख किया। इस अवसर पर जीव जंतु बोर्ड के सदस्य करण देव, नगर पंचायत अध्यक्ष बबिता माड़वी, ब्लाक अध्यक्ष सुरेश सिंह चौहान, नगर पंचायत उपाध्यक्ष यूथपति यादव,जिला अध्यक्ष ओबीसी कांग्रेस सुकमा सुखराम यादव, जाकिर हुसैन, सुधीर पांडे बलवंत चौहान युवा कांग्रेस महीला काग्रेस सभी पार्षदगण सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। मंत्री लखमा ने की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की कैबिनेट मंत्री लखमा ने दोरनापाल के शीतला माता मंदिर पहुंचकर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

# साहू समाज की आराध्य माता कर्मा सेवा, त्याग और भक्ति समर्पण की देवी- योगेश तिवारी

## सुरहोली में आयोजित कर्मा जयंती महोत्सव, आदर्श विवाह मैं किसान नेता योगेश तिवारी हुए शामिल

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।





तहसील साहू संघ बेरला एवं परिक्षेत्रीय साहू संघ कुसमी के सयुंक्त तत्वाधान में ग्राम सुरहोली में कर्मा जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आदर्श विवाह, इकाई अध्यक्षों का सम्मान एवं 9 जोड़ो का आदर्श विवाह हुआ। इस दौरान किसान नेता योगेश तिवारी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। किसान नेता योगेश तिवारी ने आगामी वर्ष अपनी ओर से 5 जोड़ो का आदर्श विवाह कराने की घोषणा किया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने मुख्य अतिथि किसान नेता का सम्मान किया। किसान नेता ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में सामूहिक विवाह का श्रेय साहू समाज को जाता है। पूरे समाज में यदि परिवर्तन लाना है। समाज को कुरीति और फिजूल खर्ची को रोकना है तो साहू समाज के तर्ज पर पूरे प्रदेश को कांम करना है। भक्त-माता कर्मा भगवान कृष्ण की महान भक्त थीं। इसलिए श्रीकृष्ण ने उन्हें साक्षात दर्शन दिए थे। तब माता ने भगवान श्रीकृष्ण को खिचड़ी खिलाई थी। साहू समाज की आराध्य देवी माता कर्मा सेवा, त्याग और भक्ति समर्पण की देवी हैं। माता कर्मा की गौरव गाथा जनमानस में श्रद्धा तथा भक्तिभाव से वर्षों से चली आ रही है।

### कार्य म में समाज के पदाधिकारी रहे उपस्थित

अध्यक्ष सूर्यकांत साहू तहसील साहू संघ बेरला,उपाध्यक्ष सुरीत राम साहू शारदा, सरस्वती कमल किशोर साहू कुसमी, मनोनित उपाध्यक्ष विजय कुमार साहू गुधेली, बलराम साहू तेलगा, गंगाधर साहू सांकरा, द्वारिका साहू पतोरा, रूखमणी साहू भिभौरी, दामनी अरुण साहू बेरला, मंजू साहू खर्रा, अनुसुईया साहू मावली, ममता साहू सरदा, सचिव मनहरण लाल साहू बेरला, सहसचिव केहर साहू भिलौरी, अरुण साहू बेरला, कुशल साहू भटगांव आदि उपस्थित थे।

# दीपक सिदार बनाये गये रायगढ़ जिलाअध्यक्ष

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।



जनजाति गौरव युवा समाज की प्रदेश स्तरीय प्रणव भवन अम्बिकापुर में बैठक रखी गई जिसमें मंगल दास ठाकुर प्रदेश अध्यक्ष जनजाति गौरव समाज छग बंशीधर उरांव प्रदेश उपाध्यक्ष जनजाति गौरव समाज छग राम लखन सिंह पैंकरा प्रदेश महासचिव जनजाति गौरव समाज छग इंदर भगत प्रदेश अध्यक्ष जनजाति गौरव युवा समाज हेमंत नाग विभाग प्रचारक सरगुजा की उपस्तिथि में जनजाति गौरव युवा समाज प्रदेश कार्यकारणी की घोषणा की गई साथ में जिला कार्यकरणी बलरामपुर, रायगढ़, सूरजपुर, सरगुजा की भी घोषणा की गई। जो रायगढ़ जिला के ऊर्जावान लंबे समय से सामाजिक कार्य करने वाले गोंड समाज के युवा जिला अध्यक्ष दीपक सिदार जो को जनजाति गौरव युवा समाज की जिलाध्यक्ष बनाया गया जो लैलूंगा निवासरत है वहीं उपाध्याय अशोक राठिया, नरेश राठिया, राम लाल पैकरा सचिव हेमंत सिदार, सह सचिव लाल, बहादुर भगत, परीक्षित धनवार, तमनार निवासरत है कोषाध्यक्ष हेमसागर नाग, सहकोषाध्यक्ष मुकुंद सिदार, गिरजा शंकर सिदार, सोशल मीडिया प्रभारी नीलांबर राठिया सह सोशल मीडिया प्रभारी रक्षपाल सिदार प्रवक्ता सुंदरू सिदार, मेघनाथ सिदार इन सभी को रायगढ़ जिले की जनजाति गौरव समाज युवा समाज की नई दायित्व प्रदेश अध्यक्ष इंदर भगत द्वारा घोषणा किया गया एवं जिले के समस्त विकास खंडों में कार्यकारिणी बनाए जाने की बात कहीं। यह संगठन मुख्य रूप से जनजाति समाज के बीच में महापुरुषों की गौरव गाथा इतिहास एवं जनजाति संस्कृति परंपरा को संजोए रखने और जनजाति के बीच काम करने का यह महत्वपूर्ण संगठन है। जिसमें जनजातियों के बीच हो रही चुनौतियों का सामना करने के लिए युवा संगठन हमेशा तत्पर रहेगा एवं जिला अध्यक्ष दीपक सिदार द्वारा जल्द से जल्द सभी विकास खंडों की कार्यकारिणी बनाने की बात कहीं गई है।

# 30 मार्च को रामनवमी पर्व पर श्री हनुमान मंदिर से निकलेगी भव्य शोभायात्रा

## बाइक रैली, आयोजन समिति ने की सभी राम भक्तों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ति।



भगवान रामचंद्र की भक्ति एवं आस्था को लेकर जहां राम भक्तों की भीड़ मची हुई है। तो वही सक्ति में हिंदू नववर्ष के मौके पर भी पूरा क्षेत्र जय-जय श्रीराम के घोष से गुंजायमान हो उठा था। तथा यही श्रीघोष की धुन 30 मार्च को भी सक्ति में नजर आएगी जब शहर के धर्म प्रेमी नव युवकों एवं समितियों ने 30 मार्च को रामनवमी के पुनीत मौके पर शहर के थाना चौक स्थित सिद्ध श्रीहनुमान मंदिर से सक्ति शहर का भ्रमण करते हुए श्रीपंचमुखी दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर हरेठी तक भव्य बाइक रैली एवं शोभायात्रा का आयोजन किया है। तथा आयोजन समिति ने बताया कि इस यात्रा में लगभग 500 मोटरसाइकिल शामिल होंगी तो वही शोभायात्रा के दौरान वाहनों पर शहर के प्रत्येक परिवारों से नागरिक बंधु अपने छोटे-छोटे बच्चों को भगवान श्रीरामचंद्र के रूप में सुसज्जित कर उन्हें वाहन पर अवश्य बताएं तथा रामनवमी पर्व पर भी सभी घरों में दीयों की रोशनी करें एवं भगवान श्रीरामचंद्र की आराधना करें वही रामनवमी को लेकर जगह-जगह वृहत रूप से तैयारियां की जा रही है एवं राम नवमी का पर्व इस वर्ष बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाने की तैयारियां चल रही हैं।

# चैत्र नवरात्रि के अवसर पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल हुई संसदीय सचिव - शकुंतला साहू

जोहार छत्तीसगढ़-बालौदाबजार।

चैत्र नवरात्रि महापर्व के अवसर पर संडी अंचल के अनेक ग्रामों में रामचरित मानस सहित अनेक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ शासन की संसदीय सचिव एवं कसडोल विधायक सुश्री शकुन्तला साहू ग्राम खरतोरा में आयोजित अखंड नवधा रामायण कार्यकम में शामिल होकर प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए क्षेत्र की खुशहाली सुख शांति एवं समृद्धि के लिए आदिशक्ति माता से प्रार्थना की। साथ ही गांव में राजेश साहू भुखन साहू के निवास में स्थापित ज्योत जंवारा का दर्शन किए। उन्होंने साथ ही रूपसिंह, प्रेमसिंग, भगवती साहू के निवास पर नर्मदेश्वर शिवलिंग स्थापना एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भगवान महादेव की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली की मंगलकामना की। कार्यक्रम में संसदीय सचिव शकुन्तला साहू ने अपने संबोधन में समस्त क्षेत्रवासियों को नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे हिन्दू परंपरा में नवरात्रि पर्व का विशेष महत्व है। पूरे देश प्रदेश के साथ हमारे क्षेत्र में भी नवरात्रि का महापर्व धूमधाम से मनाया जाता है। मां दुर्गा को सुख और समृद्धि की देवी कहा जाता है, नवरात्रि के दौरान व्रत रखने और पूरी श्रद्धा से मां दुर्गा की पूजा अर्चना करने से मां अपने भक्तों पर प्रसन्न होती है साथ ही उनकी मनोकामनाएं पूरी करती है। आदिशक्ति माता आप सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें। साथ ही विधायक ने रामायण मंच से कहा कि रामायण का प्रत्येक पात्र हमे बेहतर जीवन जीने का मार्ग बताता है। रामायण की सबसे बड़ी सीख है कि बुराई पर हमेशा अच्छाई की जीत होती है। बुराई कितनी भी शक्तिशाली क्यों ना हो लेकिन अच्छी नियत एवं गुणों के कारण सच्चाई की ही जीत होती है। इसीलिये हमे सदैव सच्चाई के रास्ते पर ही चलना चाहिए।

रामायण हमे भाईचारा की शिक्षा देता है। आज कलियुग में सभी रिश्ते तार-तार हो रहे हैं। जमीन जायदाद के चक्कर मे भाई-भाई का पुत्र अपने पिता का गला काट रहा है। पति-पत्नी में लड़ाई झगड़े होना आम बात हो गई है, ऐसे समय मे हमे रामायण के प्रत्येक पात्र से सीख लेनी चाहिए। एक ओर जहां लक्ष्मण ने 14 साल भाई राम के साथ वनवास किया वहीं दूसरे भाई कैकेयी के पुत्र भरत ने राजगद्दी के अवसर को ठुकरा दिया। उन्होंने कहा कि रामायण का प्रत्येक चरित्र भगवान श्रीराम, माता-सीता लक्ष्मण, भरत, हनुमान, सुग्रीव, सुमित्रा जी सभी निःस्वार्थ भाव से मित्रता, त्याग, समर्पण बलिदान एवं अनन्य भक्ति की शिक्षा देते हैं।

कार्यक्रम में खिलेंद्र वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत पलारी ने भी संबोधित कर क्षेत्र वासियों को चैत्र नवरात्रि महापर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी और आदि शक्ति मां भवानी से सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करने प्रार्थना कीये। इस अवसर पर डॉ बिशेषर वर्मा महामंत्री ब्लॉक कांग्रेस कमेटी संडी, सविता बिशेषर वर्मा सरपंच खरतोरा, सविता साहू, तोलाराम साहू,सुशील शर्मा,राजेश साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, देवदत्त वर्मा, कमलनारायण साहू, निर्मला पटेल, मुकेश वर्मा, प्रेमीन भाई साहू, सहदेव साहू, बिरसिंह साहू, खोलबाहरा साहू, किशोर वर्मा, बोहरीन साहू, सेवक राम साहू, दुखुराम साहू,विशंभर वर्मा, ठाकुरराम विश्वकर्मा,गिरवर वर्मा, लोकेश साहू, धरम वर्मा, सेवती साहू, टिकेश्वरी साहू रामायण गायिका एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## एक नजर

### भाजपा बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत बदनारा शक्ति केंद्र बैठक में शामिल हुए सभापति अंजू बघेल

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।




भारतीय जनता पार्टी बुथ सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत जिला पंचायत सभापति अंजू बघेल ने बदनारा शक्ति केंद्र में बैठक कर कार्यकर्ताओं से विभिन्न विषयों पर चर्चा किया गया। जिसमें भारत की राष्ट्रपति महामहिम द्रौपदी मुर्मू का संसद के समक्ष अभिभाषण का वाचन किया गया। जिसमें शक्ति केन्द्र विस्तारक राजू साहू,अंजू बघेल,झाऊ लाल साहू,स्वतंत्र साहू,डोमन साहू,पुर्षोत्तम वैष्णव,मोहित साहू,लक्ष्मण साहू,मनोज मांडले एवं अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित रहें।

### आगामी एक अप्रैल से मनरेगा श्रमिकों को एक दिन के परिश्रम के बदले मिलेंगे 221 रूपए

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।






महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत कार्य करने वाले अकुशल श्रमिकों को दी जाने वाली मजदूरी केंद्रीय ग्रामीण विकास विभाग द्वारा बढ़ा दी गई है। यह बढ़ी हुई मजदूरी की राशि आगामी 1 अप्रैल से लागू होगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला पंचायत कोरिया की मुख्यकार्यपालन अधिकारी नम्रता जैन ने बताया कि मनरेगा के तहत अकुशल श्रम करने वाले सभी पंजीकृत श्रमिकों को 204 रूपए की जगह अब प्रतिदिन 221 रूपए का पारिश्रमिक प्राप्त होगा। इस संबंध में गत 24 मार्च को महात्मा गांधी नरेगा अधिनियम 2005 की धारा 6 की उपधाराओं के तहत प्रदत्त षक्तियों को प्रभावशील करके केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अकुशल श्रमिकों के दैनिक मजदूरी में वृद्धि संबंधी अधिसूचना जारी कर दी गई है। राजपत्र में प्रकाशित इस अधिसूचना के अनुसार अब अकुशल हस्त श्रमिक को प्रतिदिन कार्य के आधार पर 204 की जगह 221 रूपए प्राप्त होंगे। जिला पंचायत सीइओ ने बताया कि बढ़ी हुई मजदूरी के अनुसार आने वाले माह की पहली तारीख से प्रत्येक श्रमिक को लाभ प्राप्त हो इसके लिए सभी निर्माण एजेंसियों को पत्र जारी कर दिया गया है। साथ ही आगामी प्रस्तावित सभी रोजगारमूलक कार्यों के प्राक्कलन तैयार करते समय इसका पालन करने के निर्देष दिए गए हैं। वर्तमान में प्रगतिरत कार्यों में भी एक अप्रैल के बाद बढ़ी हुई मजदूरी दर के अनुसार श्रमिको का कार्य मूल्यांकन करने के निर्देष सभी तकनीकी अधिकारियों को जारी कर दिए गए हैं।

### आम फल बहार की नीलामी 6 अप्रैल को

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

शासकीय उद्यान रोपणी बाघाडोला पुसौर के आम फल बहार वर्ष 2023-24 हेतु नीलामी की प्रक्रिया 6 अप्रैल 2023 को दोपहर 2 बजे से शासकीय उद्यान रोपणी बाघाडोला पुसौर में किया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए उद्यान अधीक्षक शासकीय उद्यान रोपणी बाघाडोला, पुसौर जिला-रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

# कलेक्टर बंसल ने दिव्यांग धनंजय के हाथों से कराया आरो युक्त वॉटर कूलर का शुभारंभ

## कलेक्टोरेट में आने वाले आम जनता एवं कार्यालयीन कर्मचारियों को मिलेगा अब शुद्ध पेयजल का लाभ

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।



कलेक्टर रजत बंसल ने संयुक्त जिला कार्यालय में आम जनता को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने के उद्देश्य से परिसर में दो नये आरो युक्त वॉटर कूलर की स्थापना की गयी हैं। जिसका शुभारंभ स्वयं कलेक्टर ने उपस्थित दिव्यांग धनंजय देवांगन से फीता कटवाकर किया। इस दौरान कलेक्टर बंसल ने आरो वाटर कूलर से पानी निकाल कर खुद पानी पिया। इस मौके पर उप संचालक समाज कल्याण अरविंद गेडाम सहित मीडिया के प्रतिनिधि गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। गौरतलब है कि गर्मी के मौसम में सबसे आवश्यक पेयजल की सुविधा है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए जिला कार्यालय में आने वाले आम जनता की सेवा हेतु आरो युक्त वाटर कूलर लगवाया गया है।

### दिव्यांग धनंजय देवांगन करते हैं दिव्यांगो के मोटराइज्ड ट्राईसिकल की मरम्मत

जिले के बलौदाबाजार विकासखंड के अंतर्गत ग्राम लाहोद में रहने वाले इलेक्ट्रिक मोटर धनंजय देवांगन आज काफी खुश थे जिनके हाथों से कलेक्टर रजत बंसल ने शीतल पेयजल सुविधा का शुभारंभ किया। धनंजय देवांगन स्वयं दिव्यांग है लेकिन समाज को बदलने की जिद ने उन्हें नई पहचान दिलाई है। आज वे जिला कलेक्टर कार्यालय में समाज कल्याण विभाग के अन्तर्गत जिलेभर से आने वाले दिव्यांगजनों के मोटर चलित ट्राईसिकल की मरम्मत करते है एवं इससे अपनी आजीविका चलाते है। अपने इस कार्य से उन्हे काफी खुशी मिलती है। वही कलेक्ट्रेट परिसर में अपनी मोटर चलित ट्राईसिकल बनवाने आए बगबुड़ा के दिव्यांग अवधराम और गाड़ाभाटा के दिव्यांग डोमार यादव को जानकर खुशी हुई कि उनका ट्राईसिकल की मरम्मत एक दिव्यांग ने ही की। साथ ही निपनिया से आई थानेस्वरी कक्षा 9वी में पढ़ती है कम सुनाई देने की समय से जूझ रही थी उन्हें समाज कल्याण विभाग द्वारा सहायक उपकरण उपलब्ध कराया गया जिससे अब वह काफी खुश है अब उन्हें अपनी स्कूल की पढ़ाई में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होती।

# नया खाता खुलवाकर महादेव एप में उपयोग करने वाले सात आरोपी जेल दाखिल

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर चांपा।

**अधिक रकम का झांसा देकर नया खाता खुलवाकर महादेव एप में उपयोग करने वाले सात आरोपियों को नवागढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।**



वहीं इस प्रकरण में सम्मिलित एक विधि से संघर्षरत बालक के विरूद्ध कार्यवाही करने के साथ ही पुलिस द्वारा प्रकरण में अन्य आरोपियों की संलिप्तता के संबंध में विवेचना की जा रही है। आरोपी चिरंजीव केशरवानी पूर्व में दुबई जाकर भी महादेव सट्टा एप में काम कर चुका है। इस प्रकरण में संलिप्त आरोपियों से मोबाईल, बैंक खाता का पास बुक एवं अन्य दस्तावेज भी जप्त किया गया है।


जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में इस मामले का खुलासा करते हुये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी ने बताया प्रार्थी अभिषेक कुमार पटेल उम्र 24 वर्ष निवासी तुस्मा द्वारा थाना नवागढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि ग्राम पोड़ी में रहने वाले चन्द्र प्रकाश साहू, चन्द्रकांत साहू, राखी लाल साहू, तुलेस यादव, सुनील साहू, शिवरीनारायण में रहने वाले चिरंजीव केशरवानी एवं अकलतरा मे रहने वाले अरूण पनारिया ये सभी लोग मिलकर गांव कटौद आकर प्रार्थी को बैंक में एक अच्छी स्कीम आई है। जिसमें पैसा जमा करने पर शुरू में पांच हजार रूपये बैक में जमा कर खाता खोलवाना पड़ेगा। उसके एक दो माह बाद मे पच्चीस हजार रूपये मिलेगा कहते हुये प्रार्थी का नया खाता खुलवाकर उसको महादेव सटटा बुक एप में देकर उस खाते का गलत तरीके से उपयोग किये। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध थाना नवागढ़ में आरोपियों के विरूद्ध अप क्र 111/23 धारा 420, 34 भादवि दर्ज कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु तत्काल टीम का गठन कर आरोपियो के ठिकानो पर दबीश दी गई। मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी चिरंजीव केशरवानी उर्फ चंकी केशरवानी उम्र 22 वर्ष निवासी शिवरीनारायण, अरूण पनरिया उम्र 32 वर्ष निवासी अकलतरा, चन्द्रकांत साहू उम्र 18 वर्ष निवासी पोड़ी, चन्द्र प्रकाश साहू उम्र 20 वर्ष निवासी पोड़ी, राखीलाल साहू उम्र 33 साल निवासी पोड़ी, तुलेश यादव उम्र 27 साल निवासी पोड़ी राछा और सुनील साहू उम्र 21 साल निवासी पोड़ी राछा को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा बताया गया कि नये लोगों का पांच हजार रूपये में नया बैक खाता खुलवाने पर एक माह बाद पच्चीस हजार रूपये मिलेगा ऐसी लालच देकर ग्राहक से पांच हजार रूपये और उनकी आधार कार्ड एवं अन्य जानकारी लेकर बैक में खाता खुलवा लेते थे। उस खाता को महादेव सटटा बुक एप वालों को दे देते थे। जिसके एवज में उन्हें पच्चीस हजार रूपये प्रति बैंक खाता के हिसाब से राशि प्राप्त होती थी। जिसको वे आपस में बंटवारा कर लेते थे। आरोपी चिरंजीव केशरवानी द्वारा बताया गया कि वह पूर्व में अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर फ्रें चायजी महादेव सट्टा एप बुक में काम करता था। जिसमें अपने साथियों के साथ मिलकर फ्रेंचायजी के आईडी के माध्यम से लोकल स्तर पर महादेव एप सट्टा के क्वाईन से पैसे में ट्रांसफ र को आपरेट करते थे। आरोपी चिरंजीव केशरवानी लगभग एक वर्ष पूर्व दुबई जाकर भी महादेव सट्टा एप में काम कर चुका है। पुलिस ने आरोपियो के कब्जे से मोबाइल जिसके माध्यम से धोखाधड़ी करते थे। ग्राहक के बैंक खाता एवं अन्य दस्तावेज को जप्त कर सात आरोपियों को को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। साथ ही इस प्रकरण में सम्मिलित एक विधि से संघर्षरत बालक के विरुद्ध भी कार्यवाही की जा रही है। वहीं प्रकरण मे अन्य आरोपियो की संलिप्तता के संबंध में विवेचना की जा रही है। उक्त कार्यवाही में थाना नवागढ़ स्टाफ एवं साईबर सेल टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, बुधवार 29 मार्च 2023

# एसईसीएल पोरडा बिजारी के किसानों की भूमि 2009-10 का अधिग्रहण परंतु मुआवजा अभी तक नहीं

## गरीब किसान अपनी न तो जमीन बेच पा रहे ना ही उन्हें मुआवजा मिल रहा








जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।

रायगढ़ जिला एसईसीएल विभाग के द्वारा बरौद कोयले की खदान के अंतर्गत आसपास के कई गांव को एसईसीएल ने 2009-10 में भू अर्जन की प्रक्रिया की धारा प्रकाशित होने के बाद किसानों की जमीन को भू-अर्जन के अनुसार खरीद बिक्री में प्रतिबंध लगा दिया गया। परंतु एक दशक से भी ऊपर जमीन की खरीद बिक्री में प्रतिबंध लगने से किसानों के अपने निजी जीवन में काफी समस्याएं से गुजारना पड़ रहा है किसान न तो जमीन को बेच पा रहे हैं और ना ही एसईसीएल द्वारा उन्हें वास्तविक मुआवजा दिया जा रहा है विगत एक दशक से भी ऊपर हो जाने के बाद किसान को नौकरी भी नहीं दी गई है। जिससे कि किसानों में काफी आक्रोश पनप रहा है और बेरोजगार युवकों को एसईसीएल की भू-अर्जन वाली भूमि में एक परिवार के एक व्यक्ति को नौकरी का भी प्रावधान दिया गया था। जो कि आज 10 वर्ष से ऊपर हो गए क्षेत्र के बेरोजगार आज भी बेरोजगार हैं। तथा नौकरी की भी उम्र निकलते जा रही है इस तरह से किसानों के अधिकारों का चौतरफा हनन हो रहा है। अगर मुआवजा समय पर नहीं दिया गया तो फिर जमीन खरीद बिक्री में प्रतिबंध क्यों या तो प्रतिबंध हटा दिया जाए या फिर जल्द से जल्द प्रभावित किसानों को शासन के गाईडलाइन के अनुसार मुआवजा दिया जाए और समय पर नौकरी दी जाए और इतने वर्ष बीतने के बाद मुआवजे रकम का ब्याज भी दिया जाए साथ ही साथ एसईसीएल के नियमानुसार पात्र प्रभावित किसानों को जो सुविधा मिलनी चाहिए वह सुविधा भी जल्द से जल्द देनी होगी नहीं तो क्षेत्र के किसान उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे एक तरफ छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार यह कहती है कि किसानों की सरकार है किसानों की संपूर्ण अधिकार की रक्षा तथा उनकी सुविधा के अनुसार उन्हें हक दिया जा रहा है तो फिर एसईसीएल बरौद पोरडा बिजारी के किसानों को उनके अधिकारों से वंचित क्यों रखा गया है इसका फैसला जल्द से जल्द किया जाना चाहिए।

## एक नजर

### राहुल गांधी का दुर्भाग्य जब सौभाग्य में बदल गया तो कांग्रेस पार्टी का विरोध किस लिये-प्रदेश नेता अंकित अग्रवाल

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ति।

कुछ ही दिनों पहले लोकसभा सचिवालय ने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की सदस्यता खत्म कर दी है इस पर कांग्रेस पार्टी पूरे देश में विरोध प्रदर्शन कर रही हैए इस विरोध प्रदर्शन को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश नेता अंकित अग्रवाल ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने विदेश में जाकर कहा था की ये मेरा दुर्भाग्य है की मैं भारत देश के लोकसभा सदन का सदस्य हूं अब तो उनको एक अयोग्य व्यक्ति मानकर उनकी लोकसभा से सदस्यता भी ख़त्म कर दी गई है राहुल गांधी के अनुसार तो उनका दुर्भाग्य सौभाग्य में बदल



गया तो फिर कांग्रेस पार्टी का विरोध कैसा इस बात पर तो उनको खुशी माननी चाहिए। कुछ दिन पहले ही रायपुर भाजपा कार्यालय के सामने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए तोड़ फोड़ करने और भाजपा कार्यकर्ताओं से भिड़ने का भी प्रयास किया गया जिससे यह प्रतीत होता है की नरेंद्र मोदी लोकप्रियता और भारत देश कि तरक्की को कांग्रेस पचा नहीं पा रही है।

### जशपुर विधायक की उपस्थिति में बगीचा के सन्ना में मुख्यमंत्री कन्या विवाह कार्यक्रम सम्पन्न

#### विवाह समारोह में 26 नवविवाहित जोड़े बंधे विवाह के पवित्र बंधन में

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।



जशपुर विधायक विनय भगत की उपस्थिति में आज बगीचा विकासखण्ड के सन्ना में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में 26 नवविवाहित जोड़े विवाह के पवित्र बंधन में बंधे। विधायक भगत ने सभी वर वधु को परिणय सूत्र में बंधकर नवजीवन में प्रवेश पर अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला व बाल विकास अरुण पांडेय, मोहन भगत सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने भी नव जोड़ों को शुभासीष प्रदान किया।

### बाना परघौनी कर पंचमी मनाई गई

#### महतारी के कोरा कला दल ने भरपूर मनोरंजन किया

**रिसाली** । मां कल्याणी शीतला मंदिर, मरोदा, रिसाली में चल रहे भव्य वासंती चैत्र नवरात्रि महापर्व में पंचमी पूजा एवं बाना परघौनी पूरे विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। आयोजन समिति कार्यकर्ताओं द्वारा रिसाली गांव से भजन कीर्तन करते हुए शोभा यात्रा निकाली गई, और मंदिर परिसर में बाना का स्वागत कर स्थापना की गई। संध्या महाआरती पश्चात श्री शिवम महिला भजन मंडली हिंद नगर, रिसाली एवं गोंडवाना साहित्य एवं सांस्कृतिक विंग, रिसाली-मरोदा, द्वारा माता जस गायन की प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात इस दिन की प्रमुख सांस्कृतिक प्रस्तुति 'महतारी के कोरा' (देऊरगांव, साजा) ने देर रात तक उपस्थित दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

### नक्सलियों के आईईडी विस्फोट से बीएसएफ के 2 जवान घायल

#### दोनो घायल जवानों को हेलीकॉप्टर से रायपुर रेफर कर दिया गया

**कांकेर** । जिले के कोयलीबेड़ा ब्लॉक अंतर्गत चिलपरस के पास सर्चिंग पर निकले बीएसएफ के दो जवान सुशील कुमार और छोटूराम आईईडी की चपेट में आने से घायल हो गए हैं। घायल जवानों को उपचार के लिए कोयलीबेड़ा अस्पताल लाया गया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद हेलीकॉप्टर से रायपुर रेफर कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बीएसएफ के जवान मंगलवार की सुबह 08 बजे सर्चिंग में रवाना हुए थे, चिलपरस के पास नक्सलियों ने आईईडी लगा रखा था, जिसकी चपेट में आने से 02 जवान घायल हो गये।

कांकेर एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि बीएसएफ के जवान सर्चिंग में निकले हुए थे, इसी दौरान चिलपरस के पास बीएसएफ के 02 जवान इसकी चपेट में आ गए। घायल सुशील कुमार के चेहरे और आंख पर चोट लगी है वहीं छोटूराम के दाहिने पैर और हाथ में चोट आई है।

## भाजपा या कांग्रेस में जाऊँगा,चुनाव के दो तीन महीने पहले लूंगा फैसला-धर्मजीत सिंह



**बिलासपुर।** विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत के लोरमी विधायक धर्मजीत सिंह के कांग्रेस प्रवेश के बयान पर राजनीतिक गलियारे में खलबली मच गई है. महंत के बयान के बाद कांग्रेस-बीजेपी प्रवेश को लेकर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा, अब तक पार्टी में प्रवेश को लेकर ना तो भाजपा की तरफ से पहल हुई है ना मैंने पहल किया है और ना ही कांग्रेस पार्टी की तरफ से पहल हुई है ना मैंने पहल किया है. विधायक धर्मजीत ने कहा, मैं चुनाव से ठीक दो-तीन महीने पहले फैसले लूंगा. जो भी फैसले करूंगा सोंच समझकर करूंगा. चरणदास महंत का जो बयान था वह मेरे लिए व्यक्तिगत बहुत प्रेम रखते हैं, मैं भी उनका बहुत आदर करता हूं. मेरे लिए जो उन्होंने संभावना व्यक्त किया है इसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं। चरणदास महंत ने लोरमी विधायक धर्मजीत सिंह को लेकर कहा था कि धर्मजीत सिंह अपने आप में कद्दावर नेता हैं, हम लोग तो चाहेंगे हमारे साथ रहें, लेकिन किसी कारण से वो जहां चाहे जा सकते हैं, मगर रहेंगे हमारे साथ और हमारे दिल में ही. मैं अभी भी उन्हें कांग्रेस प्रवेश कराने का पहल कर रहा हूं. वो कद्दावर नेता हैं, उनके लिए सबके दरवाजे खुले हैं. बता दें कि 2018 विधानसभा चुनाव में धर्मजीत सिंह ने जेसीसीजे (छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस) की टिकट पर चुनाव जीता था, लेकिन कुछ महीने पहले उन्हें जेसीसीजे ने निष्कासित कर दिया था।

## स्विफ्ट कार व स्कार्पियो में जबरदस्त भिड़ंत, एक गंभीर घायल, खम्हार के पास हुई घटना

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

मंगलवार की दोपहर धरमजयगढ़ से कापू रोड के बीच खम्हार गांव के पास एक स्विफ्ट कार व स्कार्पियो वाहन के बीच आमने सामने जबरदस्त भिड़ंत हो गई।



जिसमें स्विफ्ट कार के चालक युवक, निवासी बायसी को काफी गंभीर चोटें आई हैं, और उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहीं जानकारी के अनुसार इस घटना में स्कार्पियो गाड़ी का चालक भी घायल हुआ है लेकिन घटना के बाद से वह वहां से फरार हो गया है। इस घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक बीते मंगलवार की दोपहर धरमजयगढ़ से कापू की ओर जा रही स्विफ्ट कार व सामने से आ रही एक सफेद रंग की स्कार्पियो वाहन में भयंकर भिड़ंत हो गई। बताया जा रहा है कि घटना क्षेत्र के खम्हार गांव के पास हुई। इस घटना में स्कार्पियो वाहन भी क्षतिग्रस्त हुआ है। वहीं, बताया जा रहा है कि स्कार्पियो वाहन धरमजयगढ़ के स्वास्थ्य विभाग में अस्थायी तौर पर काम में लगी हुई है। यह जानकारी भी सामने आई है कि घटना के समय चिरायु विभाग के एक स्थानीय चिकित्सक भी वाहन में थे लेकिन उन्हें इस घटना में कोई चोट नहीं आई।



## पुलिस ने सुलझाई अंधे कत्ल की गुत्थी,12 घंटे के अंदर आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

सूचना प्राप्त हुई की थाना कोतवाली अंतर्गत ग्राम कंचनपुर पंडो पारा में मृतिका बालकुमारी भगत की किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा घर के अंदर हत्या कर दी गई है। इस सूचना पर तत्काल मौके पर पुलिस की टीम पहुंची तथा प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत होने से तत्काल डॉग स्क्वाड और एफएसएल की टीम अंबिकापुर से बुलाई गई। मामले में संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रोहित कुमार झा के मार्गदर्शन में अलग-अलग टीमें गठित की गई तथा विवेचना के विभिन्न बिंदुओं पर जांच प्रारंभ की गई। मृतिका पुत्री एवं परिजनों से विस्तृत पूछताछ की गई एवं इस आधार पर संदेही रामबदन राजवाड़े से पूछताछ की गई। पूछताछ पर आरोपी ने बताया की मृतिका का मकान



आरोपी के द्वारा बनाया गया था तथा उसकी मजदूरी के रूप में पैसा लेना बचा था जिसके लिए आरोपी ने मृतिका को फोन किया। जिस पर मृतिका ने आरोपी को घटना दिनांक की रात में अपने घर बुलाया। जहां आरोपी एवं मृतिका के बीच पैसे के लेनदेन को लेकर वाद विवाद हुआ इसके फलस्वरूप आरोपी ने घर में ही रखें टंगिया से सोए अवस्था में मृतिका के सिर पर वार किया तथा मृतिका का मोबाइल बंद कर अपने साथ लेकर घर चला गया। आरोपी रामबदन राजवाड़े निवासी महुआ पारा, खरवत, थाना चरचा के कब्जे से मोबाइल जप्त किया गया तथा मामले में हत्या का अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। संपूर्ण कार्रवाई में निरीक्षक अश्वनी सिंह, उप निरीक्षक कमलेश्वर साय पैंकरा, आरक्षक विमल जायसवाल, सजल जायसवाल, दिनेश, भानु प्रताप सिंह, इलियास कुजूर, लालता राजवाड़े, प्रधान आरक्षक नवीन दत्त तिवारी, अरविंद कॉल,आरक्षक रामायण सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

## पुलिस के हाथों से फरार चोरी का आरोपी 48 घण्टे में गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।




पोंड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत लगातार चोरों द्वारा बाईक चोरी की घटना को लगातार अंजाम दिया जा रहा था। जिसको ले कर पोंड़ी पुलिस द्वारा तहकीकात शुरू की गई, पुलिस द्वारा टीम गठित कर आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी, जिसके उपरांत मामले में संदेह के रूप में पुलिस द्वारा अभय मिश्रा को हिरासत में ले कर पुछ ताछ की गई। जिस पर पुछ ताछ के दौरान आरोपी अभय मिश्रा के द्वारा, अपना जुर्म कुबूल करते हुए मामले में दो अन्य लोगों के शामिल होने की बात कही गई। साथ ही पुलिस के द्वारा उक्त चोरी की गई वाहनों के बरामदी के लिए बिलासपुर ले जाया गया। जिसके बाद रात्रि करीबन एक बजे पोंड़ी थाना पहुंचते ही, मामले का मुख्य आरोपी अभय मिश्रा मौका पाते ही, गाड़ी का दरवाजा खोल अंधेरे का फायदा उठाते हुए हथकड़ी सहित पुलिस की गिरफ्त से फरार हो गया। जिसके बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था। जिसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए जिसे पुलिस ने मध्यप्रदेश कोतमा से बरामद कर पुलिस हिरासत से न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

जिला में मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन

## एसडीएम लाल और बीएमओ मिंज ने पत्थलगांव से 250 मरीजों को इलाज हेतु भेजा जशपुर

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।




जशपुर कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के सार्थक प्रयास से जिला अस्पताल में मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया है। जिसमे रायपुर एम्स के डॉक्टर गंभीर मरीजों का इलाज करेंगे। जिसे ध्यान में रखते हुए बीते दिनों पत्थलगांव एसडीएम रामशिला लाल द्वारा बीएमओ जेम्स मिंज एवं सिविल अस्पताल प्रबंधन के बीच बैठक आयोजित की गई थी। जिसके पश्चात इस कैंप के आयोजन की मुनादी शहर में कराई गई। उन्होंने मरीजों को इलाज हेतु लेकर जाने आने के लिए बस एवम चारपहिया वाहनों की सुविधा उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया। जिसमे करीब 250 मरीजों को इस मेघा हेल्थ कैंप में भेजा गया है। मरीजों को आने जाने की सुविधा उपलब्ध कराने में सरस्वती शिशु मंदिर, जोगपाल पब्लिक, सेंट जेवियर्स तीनों विद्यालयों द्वारा एक-एक बस निःशुल्क प्रदान करने में सराहनीय योगदान रहा। एवं 12 चार पहिया वाहनों में भी मरीजों को जशपुर जिला अस्पताल इलाज हेतु पहुंचाया जा रहा है। ज्ञात हो कि जिला प्रशासन एवं अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर के संयुक्त प्रयास से मंगलवार को जिला अस्पताल जशपुर में मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया है। कैंप में मरीजों का निशुल्क जांच एवं परामर्श दिया जाएगा। यह कैम्प सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा। वहीं इस कैंप में रायपुर एम्स के डॉक्टर मरीजों के गंभीर बीमारियों का ईलाज करेगें। कैम्प में हृदय रोग विशेषज्ञ, अस्थि रोग विशेषज्ञ,कान,गला,मेडिसिन,सर्जरी ,शिशु रोग विशेषज्ञ नाक,स्त्री रोग विशेषज्ञ,शामिल होंगे।

## फिर बस्ती के बीच से गुजरा दंतैल हाथी

### सीसीटीवी में कैद हुआ वीडियो, ग्रामीणों में भय

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



धरमजयगढ़ वन मंडल अंतर्गत पिछले कुछ समय से हाथियों की संख्या लगभग स्थिर रहने के बाद एक बार फिर उनकी वर्तमान में संख्या कम हुई है। क्षेत्र में बीते कुछ दिनों से 53 की संख्या में हाथियों की मौजूदगी दर्ज की जा रही थी। अब कोयलार इलाके से 15 हाथियों के कोरबा वन मंडल की ओर जाने के बाद उनकी संख्या 38 हो गई है। हालांकि इस बीच अलग अलग इलाकों से फसल क्षति की घटना लगातार सामने आ रही है। इस बीच एक बार फिर छाल रेंज के कीदा गांव में बस्ती के बीच से एक दंतैल के पार होने के वीडियो सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुए हैं। यह फुटेज सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते सोम व मंगल की दरमियानी रात के भोर में करीब 5 बजे एक दंतैल हाथी कीदा गांव की एक रिहायशी इलाके के बीच से गुजरा। गांव के एक घर में लगे सीसीटीवी फुटेज से इस बात की जानकारी सामने आई। जिसके बाद से इलाके के लोग सहमे हुए हैं। बता दें कि इससे पूर्व भी जंगली हाथियों व अन्य जानवरों के आबादी क्षेत्र में घुसने की घटना सामने आई है लेकिन जिस तरह क्षेत्र में आये दिन हाथियों के गांवों के बीच से गुजरने की घटना पेश आ रही है वह बताता है कि ग्रामीणों को अब और अतिरिक्त सतर्कता बरतने की जरूरत है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in